Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 125 | गुरूवार , 08 मई -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## सीमा सुरक्षा से जुड़े मामलों पर होगा मंथन

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर आज सर्वदलीय बैठक

**नई दिल्ली।**

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद केंद्र सरकार ने गुरुवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है, जिसमें सभी दलों को पाकिस्तान के खिलाफ भारत के सैन्य अभियान की जानकारी दी जाएगी। साथ ही सीमा की सुरक्षा से जुड़े मामलों पर भी विमर्श होगा।

सरकार का उद्देश्य ऐसे संवेदनशील मामलों पर सबको साथ लेकर चलने का है। पाकिस्तान स्थित आतंकी सेंटरों को ध्वस्त करने के बाद सभी दलों ने सेना के इस अभियान का समर्थन किया है। बैठक में भाग लेने के लिए सभी राजनीतिक दलों के प्रमुखों को बुलाया गया है। बैठक की अध्यक्षता रक्षामंत्री राजनाथ सिंह करेंगे, जबकि गृहमंत्री अमित शाह एवं संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू समेत अन्य मंत्री भी मौजूद रहेंगे। विपक्ष की ओर से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के भी मौजूद रहने की सूचना है। जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कहा कि पक्ष-विपक्ष के सभी दल के प्रमुख नेता बैठक में हिस्सा लेंगे। संसद परिसर स्थित समिति कक्ष में पूर्वाह्न 11 बजे से प्रस्तावित इस सर्वदलीय बैठक के बारे में किरेन रिजिजू ने अपने एक्स प्लेटफार्म पर जानकारी साझा की है।



### नई दिल्ली में सभी दलों की बैठक बुलाई है

उन्होंने लिखा है कि केंद्र सरकार ने आठ मई को नई दिल्ली में सभी दलों की बैठक बुलाई है, ताकि राष्ट्रीय सुरक्षा पर चर्चा की जा सके। इसके पहले 22 अप्रैल को जब पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमला हुआ था तो केंद्र सरकार ने अगले दिन सर्वदलीय बैठक बुलाकर सभी प्रमुख नेताओं को देश की सुरक्षा एवं अगले कदम की जानकारी दी थी।

## || सार संक्षेप

### भारत-पाक के बीच तनाव कम करने के लिए मदद की पेशकश करेंगे ट्रंप



**वाशिंगटन।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार (स्थानीय समय) को भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते हालात पर चिंता जताई और कहा कि वह भारत-पाकिस्तान सीमा पर तनाव कम करने के लिए हर संभव मदद की पेशकश करेंगे। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर बोलते हुए ट्रंप ने कहा कि भारत और पाकिस्तान दोनों को इस संकट का समाधान निकालना चाहिए। मैं दोनों के साथ मिलकर काम करता हूं- ट्रंप उन्होंने कहा कि यह बहुत भयानक है! मेरी स्थिति यह है कि मैं दोनों के साथ मिलकर काम करता हूं। मैं दोनों को अच्छी तरह से जानता हूं और मैं उन्हें इसे सुलझाते हुए देखना चाहता हूं।

मैं उन्हें रुकते हुए देखना चाहता हूं और उम्मीद है कि वे अब रुक सकते हैं। आगे बोले कि भारत ने बदला ले लिया है, इसलिए उम्मीद है कि वे अब रुक सकते हैं। लेकिन मुझे पता है कि हम दोनों देशों के साथ बहुत अच्छे से मिलकर काम करते हैं। हमारे दोनों के साथ अच्छे संबंध हैं।

## कानपुर सेंट्रल से रद कराए गए 5397 टिकट

**कानपुर।**

हंसपुरम के राजेश कुमार मई के आखिर में हिल स्टेशन घूमने जाने के लिए तैयारी में जुटे थे, लेकिन बुधवार को उन्होंने टिकट रद करा दिया। बताया कि अब पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक के बाद युद्ध की आशंका है। ऐसे में घर से दूर जाना उचित नहीं है। राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव से ब्लैक आउट समेत दूसरी गतिविधियों में सहभागिता निभानी है।

इससे पहले 22 अप्रैल को आतंकी घटना में पहलगाम में मौतों के बाद दूसरे दिन ही जम्मू-कश्मीर की ओर जाने वाले 8700 व 30 अप्रैल तक 5349 और लोगों समेत 14,049 टिकट रद करा चुके हैं। जम्मू-कश्मीर समेत हिल स्टेशनों शिमला, मनाली, मसूरी, दार्जिलिंग, ऊटी, महाबलेश्वर, नैनीताल जाने के लिए मई व जून में बड़ी संख्या में परिवार टिकट ले चुके हैं। सेंट्रल स्टेशन के रास्ते जम्मू के लिए जाने वाली अधिकांश ट्रेनों में यात्री कम हो गए हैं।



# जम्मू-कश्मीर समेत अन्य सीमावर्ती शहरों में आज भी बंद रहेंगे शिक्षण संस्थान

**नई दिल्ली।**

भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के बाद बने हालात को देखते हुए एहतियात के तौर पर जम्मू-कश्मीर के आठ जिलों में सभी शिक्षण संस्थान बुधवार को बंद रहे। जम्मू संभाग के पांच जिलों जम्मू, सांबा, कठुआ, राजौरी व पुंछ और कश्मीर के तीन जिलों बारामुला, कुपवाड़ा व बांडीपोरा में सभी स्कूल, कालेज व अन्य शिक्षण संस्थान बंद रहे। इस संबंध में जम्मू व कश्मीर के मंडलायुक्तों ने अलग-अलग आदेश जारी किए थे।

कश्मीर विश्वविद्यालय, केंद्रीय विश्वविद्यालय श्रीनगर और जम्मू विश्वविद्यालय ने बुधवार की सभी परीक्षाओं को स्थगित कर दिया। जम्मू विश्वविद्यालय कैंपस भी बंद रहा। इन जिलों में डिग्री कॉलेज व निजी संस्थान भी बंद रहे। मौजूदा हालात को देखते हुए गुरुवार को भी शिक्षण संस्थान बंद रहेंगे। उधर, राजस्थान के अंतरराष्ट्रीय सीमा के निकट स्थित चार जिलों जैसलमेर, बाड़मेर, बीकानेर एवं श्रीगंगानगर में सभी स्कूलों में अगले आदेश तक के लिए छुट्टियां घोषित कर दी गई हैं। पुलिस कर्मियों सहित सभी सरकारी कर्मचारियों के अवकाश निरस्त करने के साथ ही मुख्यालय नहीं छोड़ने के लिए कहा गया है। सीमा से लगते पंजाब के छह जिलों पठानकोट, गुरदासपुर, तरनतारन, अमृतसर, फिरोजपुर और फाजिल्का में स्कूल-कालेजों में अगले तीन दिनों के लिए छुट्टी घोषित की गई है। अटारी वाघा सीमा पर रिट्रीट सेरेमनी दर्शकों के लिए रद कर दी गई है तथा करतारपुर कारिडोर श्रद्धाओं के लिए अनिश्चित काल के लिए बंद कर दिया गया है। एयर स्ट्राइक के बाद पंजाब में राजनीतिक दलों ने भी अपने सभी कार्यक्रम रद कर दिए हैं।



### सेना के शीर्ष पदों में कटौती करेगा अमेरिका

**वाशिंगटन।**

अमेरिका के ट्रंप प्रशासन की ओर से सरकारी खर्चों में कटौती के लिए चलाए गए अभियान के तहत अब देश की सेना के शीर्ष पदों में कटौती का आदेश दिया गया है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने सोमवार को सेना को चार-स्टार जनरलों के पदों में 20 प्रतिशत कटौती करने का निर्देश दिया। ट्रंप प्रशासन का मानना है कि इससे कार्यकुशलता बढ़ेगी, जबकि आलोचकों को चिंता है कि इससे सेना का राजनीतिकरण हो सकता है। बता दें कि गत जनवरी में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पदभार संभालने के बाद तमाम सरकारी विभागों और एजेंसियों में कर्मचारियों की संख्या में बड़ी कटौती की गई है। रक्षा मंत्री हेगसेथ ने नेशनल गार्ड को भी अपने शीर्ष पदों में 20 प्रतिशत की कटौती का निर्देश दिया और सेना को अपने बल में जनरल और फ्लैग अधिकारी के पदों में अतिरिक्त दस प्रतिशत की कटौती करने को कहा है।



# पाकिस्तान में एयर स्ट्राइक के बाद दिल्ली में हाई अलर्ट

**नई दिल्ली।**

22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में मंगलवार देर रात पाकिस्तान में भारतीय हवाई हमलों के बाद दिल्ली पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों ने राजधानी में हाई लेवल सुरक्षा अलर्ट जारी किया है। दिल्ली पुलिस ने लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सभी प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा कड़ी कर दी है। खासकर सभी भीड़भाड़ वाले प्रमुख बाजारों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इंडिया गेट पर त्वरित प्रतिक्रिया के लिए लाइट स्ट्राइक वाहनों में पैरा कमांडो तैनात किए गए हैं। ऊंची इमारतों की सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है। प्रमुख बाजारों में दुकानें खोलने से पहले बम निरोधक दस्तों द्वारा सघन जांच की जा रही है।

सुरक्षा में किसी भी तरह की चूक को रोकने के लिए बाजारों में प्रवेश करने वाले व्यक्तियों की तलाशी ली जा रही है। सार्वजनिक स्थानों के अलावा गेस्ट हाउस, होटल, सेकेंड हैंड कार डीलर और अन्य संभावित आसान लक्ष्यों की जांच के लिए विशेष टीमें बनाई गई हैं। पुलिस ने सत्यापन अभियान फिर से शुरू कर दिया है। दिल्ली पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु की सूचना तुरंत पुलिस नियंत्रण कक्ष को दें। पुलिस अधिकारी का कहना है कि मकान मालिकों और होटल मालिकों को किराएदारों और मेहमानों का उचित सत्यापन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। अगर उन्हें कुछ भी संदिग्ध दिखाई देता है, तो वे तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दें। दिल्ली पुलिस ने खुफिया एजेंसियों के साथ समन्वय भी मजबूत किया है और सीसीटीवी निगरानी और मोबाइल गश्त के जरिए संवेदनशील इलाकों पर कड़ी नजर रख रही है।

शहर भर में विभिन्न प्रवेश और निकास बिंदुओं पर सुरक्षा चौकियां स्थापित की गई हैं।




रात में गश्त खास तौर पर बढ़ा दी गई है। पुलिस गलत सूचनाओं के प्रसार पर नजर रखने और उन्हें फैलने से रोकने के लिए इंटरनेट मीडिया पर भी कड़ी नजर रख रही है। दिल्ली पुलिस ने खुफिया एजेंसियों के साथ समन्वय भी मजबूत किया है और सीसीटीवी निगरानी और मोबाइल गश्त के जरिए संवेदनशील इलाकों पर कड़ी नजर रख रही है।

### बच्चों के खेलते समय कमरे में लगी आग, पांच साल का मासूम जिंदा जला

**कानपुर।** चकेरी के सनिगवां के संदीप नगर में बुधवार दोपहर बच्चों के खेलने के दौरान आग लग गई। घटना के समय मौसी की शादी में शामिल होने आए तीन मासूम कमरे में खेल रहे थे।

आग लगने पर दो बच्चे बाहर भाग निकले, जबकि एक कमरे में फंस गया। पुलिस और दमकल ने आग बुझाकर उसे बाहर निकाला और कांशीराम अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बच्चे की मौत से शादी की खुशियां मातम में बदल गईं।

# अमृतसर और गुरदासपुर में धमाकों की आवाज के बाद फिर किया गया ब्लैकआउट

**अमृतसर।**

राष्ट्रव्यापी नागरिक सुरक्षा अभ्यास के तहत, अमृतसर जिला प्रशासन ने सार्वजनिक सुरक्षा और तैयारियों को सुनिश्चित करने के लिए ब्लैकआउट उपायों को फिर से शुरू कर दिया है। इसकी जानकारी जिला जनसंपर्क अधिकारी (डीपीआरओ) ने बुधवार को दी। वहीं, अमृतसर के अटारी व अजनाला सेक्टर में और गुरदासपुर के डेरा बाबा नानक क्षेत्र में आधी रात के बाद धमाकों की आवाज सुनाई दीं। अमृतसर डीपीआरओ ने एक बयान में कहा कि अत्यंत सावधानी बरतते हुए, अमृतसर जिला प्रशासन ने फिर से ब्लैकआउट प्रक्रिया शुरू कर दी है। अमृतसर में ब्लैकआउट गृह मंत्रालय (एमएचए) द्वारा भविष्य के खतरों के मामले में आपातकालीन तैयारियों की जांच करने के लिए आदेशित राष्ट्रव्यापी नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल का हिस्सा था। इस अभ्यास में देश भर के प्रमुख स्थानों पर अनुसूचित ब्लैकआउट शामिल थे। अमृतसर में पहले हुए ब्लैकआउट के बारे में बात करते हुए एएसआई जगतार सिंह ने एएनआई को बताया कि ब्लैकआउट रात 10.30 बजे से 11 बजे के बीच, आधे घंटे तक था।

निर्देश थे कि कोई भी लाइट नहीं जलनी चाहिए ताकि दुश्मन को पता न चले कि यहां कोई शहर है। उन्होंने कहा कि देश के हित के लिए रिहर्सल की जा रही है... कुछ लोग ब्लैकआउट का पालन कर रहे हैं, और कुछ नहीं... सायरन चालू हुआ और फिर दो मिनट के भीतर पूरा ब्लैकआउट हो गया।



# सभी दलों ने पार्टी लाइन से हटकर की सेना की तारीफ, बोला- 'जय हिंद'

**नई दिल्ली।**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद शोक और गहरी पीड़ा से गुजर रहे देशवासियों को 'ऑपरेशन सिंदूर' से काफी सुकून मिला है। पाकिस्तान की सीमा में घुसकर भारतीय सेना द्वारा आतंकी शिविरों पर किए गए मिसाइल हमले में बड़ी संख्या में आतंकी मारे गए हैं। सेना के इस शौर्य की सत्ता पक्ष के साथ ही विपक्षी दलों ने भी पार्टी लाइन से हटकर सराहना करते हुए 'जय हिंद' बोला। सभी ने इस संबंध में इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट किया। केंद्रीय मंत्री और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, "पहलगाम पर भारत का संदेश- यदि आप हमें उकसाएंगे तो हम आपको नहीं छोड़ेंगे।" हम आतंकवाद को जड़ से उखाड़ने में सक्षम होने के साथ ही दृढ़ भी हैं। हम आतंकवाद के खतरे को मिटा देंगे। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भी भारतीय सेना की वीरता और साहस को नमन किया।



## संपादक की कलम से


# विकास कितना खोखला



ललित शर्मा
संपादक

मेडिकल कालेज जैसे संस्थानों की इमारतों की वास्तुकला तथा इनकी परिकल्पना में भविष्य की अधिकांश जरूरतें नत्थी होनी चाहिएं। आश्चर्य यह है कि ऐसे सिद्धांत हिमाचल के उभरते मेडिकल कालेजों में पराजित होने लगे हैं। टांडा मेडिकल कालेज के मदर एंड चाइल्ड अस्पताल पर 44 करोड़ व्यय और इस संस्थान का नामकरण करने के बावजूद इसकी परिकल्पना रैंप न होने के कारण चोट खा रही है। कितनी हैरानी की बात है कि अस्पताल की अहम भूमिका में खड़ी इमारत इस काबिल नहीं कि मरीज आसानी से उपचार कक्ष तक पहुंच जाएं। आखिर यह भवन उद्घाटन की पट्टिका तक कैसे पहुंच गया और इसे एक नेता के नाम पर समर्पण भी हो गया, लेकिन सारा वास्तुशास्त्र सीढियों पर फिसल गया। 44 करोड़ का व्यय मामूली नहीं होता। जाहिर है कोई ड्राइंग बनी होगी। इमारतों के मापदंड में इसे सक्रिय अस्पताल की श्रेणी में बनाते-बनाते देखा गया होगा। साइट की इंस्पेक्शन करते कई इंजीनियर गुजरे होंगे, लेकिन ये पांव नहीं देख पाए कि स्ट्रेचर या व्हील चेयर पर मरीज को एक अदद रैंप भी चाहिए। हमारा बजट हारा भी तो निर्माण के मुहाने पर आकर और ताज्जुब यह कि इस गलती को सुधारने के लिए अतिरिक्त तीन करोड़ 31 लाख जारी होने के बावजूद उपचार नहीं हो सका। यह हमारे सोच की गुणवत्ता है या यह भी कहा जा सकता है कि हमारी मशीनरी कितनी अगंभीर है। ऐसे में शिलान्यासों से उद्घाटन तक के फलक तक गलतियों के शिकार कई भवन चिढ़ाते हैं। पालमपुर के मिनी सचिवालय का पलस्तर बताता रहा है कि विकास अंदर से कितना खोखला है, तो इसी शहर का बाइपास थ्रू ब्रिज के निर्माण में लगी शटरिंग ने अपने हाथ खून से रंगे हैं। सरकारी परियोजनाओं की सही मॉनिटरिंग हो, तो अपव्यय के कई स्रोत बंद हो सकते हैं। ऐसी कई अधूरी इमारतें हैं, जो वर्षों बाद केवल विकास के खंडहर में बदल गई हैं। अभी हाल ही में राज्य सरकार ने किराये के भवनों में चल रहे कई विभागीय कार्यालयों को स्थानांतरित करने का फैसला किया है, तो पता चला कि जिला मुख्यालयों में कई खाली संपत्तियां बेकार हो रही हैं। सरकारी दायित्व का परफेक्शन हर बार निजी क्षेत्र के सामने खुद में विवश हो जाता है, तो इसलिए कि व्यावसायिक प्रतिबद्धता न होने के कारण, हर प्रयास गौण किया जाता है। अगर टीएमसी मदर एंड चाइल्ड इमारत के नक्शे पर परफेक्शन की निगाहें होतीं, तो 44 करोड़ की लागत से हम एक भविष्य का उज्ज्वल निर्माण कर पाते। वर्षों बाद भी सरकारी इमारतों के ढेर में आधुनिकता का बोध गायब रहता है, तो इसलिए क्योंकि हम ढर्रे से बाहर नहीं आना चाहते। इस दौरान निर्माण की सरकारी एजेंसियां तो बढ़ गईं, लेकिन नए हिमाचल का कलात्मक पक्ष सामने नहीं आया। सरकारी क्षेत्र में पहाड़ी शैली का आधुनिक बोध दिखाई नहीं दिया, नतीजतन एक ही ड्राइंग पर आफिस, स्कूल या चिकित्सा भवन दिखाई देने लगे हैं। शिमला में अंग्रेजी शासन में जिस तरह प्रकृति से मेल खाता निर्माण हुआ, वह न्यू शिमला बनते-बनते मिट्टी में मिल चुका है। सरकारी इमारतों में नए हिमाचल की उभरती तस्वीर देखनी हो तो निर्माण की योग्यता, दक्षता और परिकल्पना को नए मुकाम तक पहुंचाना होगा। छात्रों को ऐसे परिसर चाहिएं जहां शिक्षा को माकूल वातावरण मिले। हिमाचल में सार्वजनिक भूमि का दुरुपयोग रोकने के लिए आर्किटेक्चर पर विशेष ध्यान देते हुए, इनकी उपयोग क्षमता को सार्थक बनाना होगा।

# लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सही समय पर चुनाव के जरिए लोकतंत्र के संवैधानिक जनादेश का सम्मान करना जरूरी



गोंदिया





वैश्विक स्तरपर दुनियाँ के सबसे बड़े लोकतंत्र पर पूरी दुनियाँ की नजरे गड़ी रहती है, क्योंकि भारत में जितनी जनसंख्या किसी एक राज्य की है, दुनियाँ के कई देशों में उतनी ही जनसंख्या उस एक देश की है, तो ऐसे में भारत के कुल 28 राज्यों 8 केंद्र शासित प्रदेशों में नियंत्रण व समयबद्ध तरीके से चुनाव कराना एक चुनौती भरा कार्य माना जाता है, परंतु अनेक राज्यों में कुछ पेचीदगे मसलों या फिर कोर्ट के किसी मुद्दे के कारण चुनाव को टाला जाता है, जो मेरा मानना है कि ऐसा नहीं करना चाहिए, क्योंकि बिना चुनावों के ग्राम पंचायत से लेकर स्थानीय निकायों तक, विधान सभा से लेकर लोकसभा तक चुनावों को रोकना प्रशासन को अलोकतांत्रिक तरीके से शासन के अधीन रखना, लोकतंत्र के संवैधानिक जनादेश का अपमान है।

आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि दिनांक 5 मई 2025 माननीय सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के स्थानीय निकायों की चुनावी प्रक्रिया 4 माह में पूर्ण करने व 4 सप्ताह में चुनावी अधिसूचना जारी करने का निर्देश जारी कर दिया है, जिससे सभी छोटे से बड़े नेताओं में खलबली मच गई है व तैयारीयों में जुट गए हैं। मैं अपनी छोटी सी राइस सिटी गोंदिया में स्थानीय निकायों के कई दिनों से चुनाव होने के अंदेशो पर कई महीनो से नजर रख रहा हूं, व अध्ययन कर रहा हूं तो दिख रहा है कि अनेक छोटे-छोटे कार्यकर्ता नेता पार्षद का चुनाव लड़ने के अपने स्वार्थ के जुगाड़ में गली मोहल्लों की साफ- सफाईयाँ करवा रहे हैं व उसके फोटो खींचकर अपने प्रचार करने के लिए सोशल मीडिया में पोस्ट कर रहे हैं, तो कई छुटभैया समाज के नेता अनेकों शिविर लगाकर, कोई इवेंट करवाकर तो कोई मेरिट विद्यार्थियों को सत्कार का आयोजन कर स्थानीय विधायक को बुलवाकर वाहवाही लूट रहे हैं, व सोशल मीडिया पर तस्वीरें पोस्टकर रहेहैं तो कईसामाजिक छुटभैया नेता क्षेत्र के नए पदस्थ हुए चपरासी से लेकर बाबू व कलेक्टर तक तथा पुलिस कांस्टेबल से लेकर थानेदार और एसपी तक का जोरशोर से स्वागत कर उसके साथ तस्वीरें खिंचवाकर मीडिया पर पोस्ट कर इसके माध्यम से अपना वजन बढ़ाने, वाहवाही लूटने में लगे हुए हैं, जो रेखांकित करने वाली बात है। परंतु आम जनता सब समझ रही है कि इसमें उन छुटभैया नेताओं का जरूर कोई स्वार्थ होगा या किसी उल्टे सीधे लफड़े वाले कामों से सलग्न होंगे, तो कोई अपने भाई को करोड़ों के ठेके दिलवा रहे हैं, नेत्रदान नेता बना रहे हैं, शिक्षण संस्थानों में अपना रुतबा दिखा रहे हैं। चूँकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सही समय पर चुनाव के जरिए लोकतंत्र के संवैधानिक जनादेश का सम्मान करना जरूरी है, इसीलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, सुप्रीम कोर्ट का महाराष्ट्र चुनाव आयोग को निर्देश, स्थानीय निकायों के चुनावों की अधिसूचना 4 सप्ताह में जारी करें, व चुनाव प्रक्रिया 4 माह में संपन्न करने का प्रयास करें। साथियों बात अगर हम लंबे समय से रुके हुए महाराष्ट्र स्थानीय निकाय चुनावों का रास्ता साफ होने की करें तो सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार (6 मई, 2025) को महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनाव कराने को हरी झंडी दे दी, जो अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षण पर मुकदमेबाजी के कारण वर्षों से रुके हुए थे। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की खंडपीठ ने कहा कि समय-समय पर चुनाव कराकर जमीनी स्तरपर लोकतंत्र स्थापित करने के संवैधानिक आदेश को सुनिश्चित किया जाना चाहिए और उसका सम्मान किया जाना चाहिए। अदालत ने कहा कि चुनावों के लिए ओबीसी आरक्षण को उसी तरह बनाए रखा जाना चाहिए जैसा कि जेके बंठिया आयोग की रिपोर्ट पेश होने से पहले था। बंठिया आयोग ने स्थानीय निकाय चुनावों में 27 परसेंट ओबीसी आरक्षण का प्रावधान किया था। सुप्रीम कोर्ट ने पुराने आरक्षण के आधार पर इन्हें कराए जाने का आदेश जारी किया है। 4 हफ्तों में चुनावों की अधिसूचना भी जारी करने का आदेश दिया है, सुप्रीम कोर्ट ने कहा, राज्य चुनाव आयोग को निर्देश महाराष्ट्र स्थानीय निकाय चुनाव में 2022 से पहले की आरक्षण व्यवस्था लागू होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, चुनावों को इतने लंबे समय तक लंबित रखने के पीछे कोई लॉजिक है? सभी स्थानीय निकायों के चुनाव के उद्देश्य से ओएनसी आरक्षण को जेके बांटिया आयोग की 2022 की रिपोर्ट से पहले कानून के अनुसार पढ़ा जाना चाहिए। छह सदस्यीय आयोग ने जुलाई 2022 की तारीख वाली एक रिपोर्ट प्रस्तुत की थी, उस रिपोर्ट के अलावा पिछड़ेपन की प्रकृति के मुद्दे पर विचार करने के लिए आयोग के गठन से लेकर कई मुद्दे अदालत के समक्ष लंबित हैं। न्यायमूर्ति कांत ने महाराष्ट्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से पूछा, आज नौकरशाह सभी नगर निगमों और पंचायतों पर कब्जा कर रहे हैं और प्रमुख नीतिगत निर्णय ले रहे हैं। इस मुकदमे के कारण एक पूरी लोकतांत्रिक प्रक्रिया ठप हो गई है। अधिकारियों की कोई जवाबदेही नहीं है। मौजूदा आंकड़ों के अनुसार चुनाव क्यों नहीं होने दिएजाते? याचिकाकर्ता पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि बंठिया रिपोर्ट का पालन नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि ओबीसी के लिए आरक्षित 34, हजार सीटें रद्द कर दी गई हैं। एक बिंदु पर, न्यायमूर्ति कांत ने आरक्षण की तुलना रेल यात्रा से की, जिसमें लोग चढ़ते तो हैं, लेकिन उतरते नहीं, मान लीजिए कि किसी को गलत तरीके से शामिल किया गया है या बाहर रखा गया है, तो समावेशन कोई मुद्दा नहीं हो सकता है। यह भी सुनिश्चित किया जा सके कि ऐसा आरक्षण एससी/एसटी/ओबीसी के लिए आरक्षित कुल सीटों के 50 पेर्सेंट से अधिक न हो।

साथियों बात अगर हम माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेश की करें तो, सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को महाराष्ट्र निकाय चुनाव को लेकर फैसला सुनाया है। कोर्ट ने राज्य चुनाव आयोग को निर्देश दिए हैं कि वह चार सप्ताह के भीतर राज्य में स्थानीय निकाय चुनावों की अधिसूचना जारी करे। पीठ ने अपने आदेश में कहा- हमारे विचार से स्थानीय निकायों के समय-समय पर चुनावों के जरिए लोकतंत्र के संवैधानिक जनादेश का सम्मान किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनाव पिछले कई सालों से नहीं हुए हैं। कोर्ट ने इस देरी को लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए सही नहीं माना है और समय पर चुनाव करने के निर्देश दिए। अदालत ने बनठिया आयोग की रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया। इस रिपोर्ट में ओबीसी पर सटीक आंकड़े तय करने के लिए जनगणना और महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों में इस वर्ग के लिए 27 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने की सिफारिश की गई थी। पीठ ने कहा कि महाराष्ट्र स्थानीय निकाय चुनाव के परिणाम सर्वोच्च न्यायालय में लंबित याचिकाओं के निर्णयों के अधीन होंगे। कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा कि उचित मामलों में विस्तार की मांग की जा सकती है, कोर्ट ने कहा कि जमीनी स्तर की लोकतंत्र को रोका नहीं जा सकता है। हालांकि इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार के वकील को अदालत में बुलाया था, जिसके बाद कोर्ट ने चुनाव के लिए अधिसूचना जारी करने का आदेश दिया है। इससे पहले कोर्ट ने कहा था कि पांच साल में स्थानीय निकाय के चुनाव करवाना संवैधानिक कर्तव्य है। 2486 स्थानीय निकायों के चुनाव लंबे समय से लंबित है और कोई भी चुना हुआप्रतिनिधि नहीं है, क्या यह कानून और नियमों का उल्लंघन नही है? लोकतंत्र को रोका नहीं जा सकताः कोर्ट की टिप्पणी मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि रेलगाड़ी के डिब्बे की तरह आरक्षण हो गया है, जो इसमें चढ़ गए हैं,

वे दूसरों को आने नहीं देना चाहते है. जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि क्यों कुछ ही वर्ग के लोगों को आरक्षण मिलना चाहिए? बाकी लोगों को आरक्षण क्यों नहीं मिलना चाहिए, जो सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से पिछड़े हैं, यह राज्यों की जिम्मेदारी है कि इस पर विचार करें।

## आत्माराम यादव

## श्मशान की राख

### कविता



मुझे अभी–अभी
शव के साथ सुलगाया है
मैं श्मशान घाट की
सुलगती लकड़ियों का ढेर हूँ।
मेरे अन्दर की आर्द्रता /नमी /गीला पन
अग्रि से तादात्म्य जोड़कर
बेशुमार धुंआ उगल रही है
शव के चारों ओर का वातावरण
निशब्द शांत और धुंआ धूसिल हो रहा है।
शव के साथ जलती आद्रता
अपनी कडुवाहट
धुंए की शकल में उगलकर
शव को पंचतत्व में
विलीन करने
सहायक बना हुआ हूँ।
इत्मीनान से मेरे साथ जलता शव
और धुएं की कडुवाहट की परिधि में
शव की शाश्वत परिणिति का
द्दष्टद्द बना ये मूक मानव
अभिशापित है अपने शब्दों अनुभव
और जीवन की असारता भरी
पुट फोड़ने की इस अंतिम परिणिति से।
कुछ अलसाये से
भूल जाते है अपने को
तभी श्मशान में रहकर भी
वे भटकते हैं समारोह भरे माया बाजारों में।
मृत मानव चर्म के साथ जलते मुझे
घृणाहीन देखने वाली ये जिन्दा लाशें
अपनी अनन्त खुशियों का अनुभव लिये
विस्मृत कर देती है अपनी इस अंतिम
परिणिति को
अपनी आत्मवंचना से परे यहां मौजूद सभी
अपने अंत :करण में बारीकी/ सूक्ष्मता से
अवलोकन निरीक्षण करें तो पायेंगे
वे भी अपने अन्दर ही अन्दर सुलग रहे है
जिसकी आद्रता से निकलते अद्दश्य विषैले
धुए ने
सारी धरती को श्मशान बना दिया है।
पर मैं इस धरा का
एक छोटा सा श्मशान घाट का
सुलगती लकडि ?ों का ढ़ेर हूँ।
मैं यहॅा आने वाली हर मृत देह को
अग्रि के साथ धू–धू कर जलाता हूँ
तब दाह संस्कार में आने वाला हर व्यक्ति
बोझिल हुये वातावरण में
तत्वदर्शी बन जाता है
और जीवन की असारता का
मंथन करते लौटता है।

फिर सुनसान हुये श्मशान घाट पर
रात की अंधेरी रात में छा जाती है खामोशी
और चारों और रह जाता है सन्नाटा ही
सन्नाटा
काली रात और मुझसे निकले धुएँ के
तादात्म्य की
फिर किसी को परवाह नहीं होती।
स्याह रात के सन्नाटे को चीरती
भयावह चीत्कारे,
कुत्ते बिल्ली और सियारों का रोना
सर्प की सरसराहट
उल्लू और चमगादड़ों की आवाजें
उस मौत के सन्नाटे का मौन तोड़ती है
मृतक के घर छा जाती है खामोशी।
भुनसारे में पूरी तरह जलकर
राख हो जाता हूँ
फिर कभी न खत्म होने वाला
सदियों पुराना सिलसिला चल पड़ता है।
मृतक के स्वजन
मुझ राख के ढेर को रौंद डालते है
ताकि मृतक का अस्तित्व
नाखूनों के रूप में संजोकर ले जा सके
नाखून पाकर मेरे थोड़े से अंग को
चुटकी भर मात्रा में नदी/तालाब में
विसर्जित करते है
और अपने स्वजन मृतक को
अलविदा कहने से पहले
उसकी रूचिकर वस्तुओं का भोग लगाते है
मृतक के बचे हुये अवशेषों को
वेद शास्त्रों की दुहाई देकर
तीर्थो में विसर्जित करते है
कई कर्मकाण्ड के उपरांत
मृतात्मा की शांति के रूप में
मृतक भोज कराते है और
श्मशान घाट की मुझ राख के ढेर के
अकस्मात भाज्य खुल जाते है
अतिवृष्टि होने पर जब नदियों के कूल फैलते है
तब मैं नदी के शरीर में समा जाता हॅू
और फिर शुरू होती है मेरी अनन्त की यात्रा
दूर दराज के खंदकों,
तालों और पहाड़ों को लॉघता हुआ
मैं नदी के साथ पहुँच जाता हूँ
अनंत असीम सागर की बाहों में
जहां मुझे श्मशान से कहीं अच्छी
परम सौन्दर्यवान सृष्टा की गोद मिलती है
और मैं शमशान की राख का ढेर,
परम सत्ता में विलीन हो जाता हूँ
अपने पीव से मिलने को।

# ...बदला हुआ भारत, बदला लेना जानता है




पहलगाम में आतंकी हमला कोई पहली घटना नहीं था जिसको पाक का समर्थन प्राप्त था। दशकों से पाकिस्तान में पले–बढ़े और प्रशिक्षित आतंकी भारत में आतंकी घटनाओं को अंजाम देते आए हैं। लेकिन हर बार घटना के बाद भारत सरकार का रवैया जबानी जमा खर्च तक रहा। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के एक पखवाड़े बाद भारत ने इसका जवाब उपयुक्त और निर्णायक ढंग से दिया। 6/7 मई की मध्यरात्रि भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर यानी पीओके में आतंकियों के ठिकानों को निशाना बनाकर एयर स्ट्राइक की। इस कार्रवाई में 100 से ज्यादा आतंकवादियों के मारे जाने और कई अन्य के घायल होने की खबरें आ रही हैं। भारत ने इस जवाबी कार्रवाई को नाम दिया है ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ण। ये नाम उन महिलाओं को समर्पित है, जिनके पतियों की पहलगाम में आतंकियों ने धर्म पूछकर हत्या कर दी थी। इस सैन्य कार्रवाई को केवल रणनीतिक पलटवार नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस स्पष्ट संकल्प की पुष्टि के रूप में देखा जा रहा है, जो उन्होंने हमले के दो दिन बाद बिहार के मधुबनी से दिया था। 24 अप्रैल को पंचायती राज दिवस के मौके पर मधुबनी पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने पहलगाम हमले पर गहरा शोक प्रकट किया और देशवासियों से दो मिनट का मौन रखवाया। इसके बाद उन्होंने एक कड़े और प्रतिज्ञाबद्ध स्वर में कहा था– ॹमैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं कि जिन्होंने ये हमला किया है, उन आतंकियों को और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी।ॹ बिहार मधुबनी में प्रधानमंत्री का दिया गया बयान अब ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ण के रूप में धरातल पर उतर चुका है, जिसमें आतंकी नेटवर्क की जड़ें हिलाकर रख दी गई हैं। ऑपरेशन सिंदूर के लिए जिन आतंकी ठिकानों को मिट्टी में मिलाया गया है, उनमें से चार पाकिस्तान में और पांच पीओके में हैं। पहलगाम में आतंकी हमला कोई पहली घटना नहीं था जिसको पाक का समर्थन प्राप्त था। दशकों से पाकिस्तान में पले–बढ़े और प्रशिक्षित आतंकी भारत में आतंकी घटनाओं को अंजाम देते आए हैं। लेकिन हर बार घटना के बाद भारत सरकार का रवैया जबानी जमा खर्च तक रहा। दो चार दिन की बयानबाजी और कागजी कार्रवाई के बाद गाड़ी पुरानी पटरी पर दौड़ती रही। और पाकिस्तान अपनी कारस्तानियों से बाज नहीं आया। 26 नवंबर 2008 की रात, भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई उस समय दहल उठी जब पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकियों ने समुद्र के रास्ते शहर में प्रवेश किया। हमले के दौरान, भारतीय सुरक्षा बलों, जिसमें मुंबई पुलिस, एनएसजी और अन्य कमांडो शामिल थे, ने तीन दिनों तक ऑपरेशन चलाया। इस ऑपरेशन में 9 आतंकी मारे गए, लेकिन अजमल कसाब को 27 नवंबर 2008 को जुहू चौपाटी पर जिंदा पकड़ लिया गया। इस हमले में 166 लोग मारे गए, जिनमें 26 विदेशी नागरिक भी शामिल थे और 300 से अधिक लोग घायल हुए। तत्कालीन कांग्रेस नीत यूपीए सरकार केंद्र की सत्ता में थी। प्रधानमंत्री थे डॉ. मनमोहन सिंह। इस घटना के बाद तत्कालीन भारत सरकार का रवैया जगजाहिर है। असल में तत्कालीन सत्तासीन दल का पूरा जोर इस बात पर था कि इस हमले में शामिल लोगों को हिंदू साबित किया जाए, जिससे वो हिंदू आतंकवाद की थ्योरी को स्थापित कर सके। गनीमत यह रही कि आतंकी अजमल कसाब जिंदा पकड़ लिया गया। वरना सुरक्षाबलों द्वारा मारे गए आतंकियों के हाथों मे षड्यंत्र पूर्वक बंधे कलावे से ही सरकार हिंदू आतंकवाद की थ्योरी स्थापित करने में सफल हो जाती। 12 मार्च 1993 को मुंबई के विभिन्न इलाकों खासकर हिंदू आबादी बहुल में 13 सिलसिलेवार बम धमाके हुए, जिसमें 257 निर्दोष नागरिकों की जान चली गई और 700 से ज्यादा निर्दोष नागरिक घायल हो गए। उस समय केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी। पीवी नरसिंह राव देश के प्रधानमंत्री थे। 13 दिसंबर 2001 को, जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैय्यबा नामक आतंकवादी संगठनों के पांच आतंकवादियों ने भारत की संसद पर एक घातक हमला किया। इस आतंकी हमले का मुख्य आरोपी मोहम्मद अफजल गुरु था। इस हमले में दिल्ली पुलिस के पांच जवान, एक महिला कांस्टेबल और दो सुरक्षा गार्ड शहीद हो गए। 24 सितंबर 2002... शाम के करीब पौने पांच बजे का समय, ये वो दिन था जब गुजरात के अक्षरधाम मंदिर को आतंकियों ने अपना निशाना बनाया। इस आतंकी हमले में मंदिर परिसर में मौजूद 32 श्रद्धालुओं और 3 सुरक्षाकर्मियों की जान गई थी। आतंकियों ने हथियारों से लैस होकर श्रद्धालुओं को निशाना बनाया था। इस घातक हमले में लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकवादियों का संबंध था। आतंकवादियों को एनएसजी कमांडो ने मार गिराया था। संसद और अक्षरधाम हमले के समय देश में भाजपा नीत एनडीए के नेता प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी गठबंधन की सरकार चला रहे थे। देश में आतंकी घटनाओं की लंबी फेहरिस्त है। चूंकि देश में सबसे ज्यादा लंबे समय तक कांग्रेस का राज रहा है। ऐसे में पाक समर्थित आतंकवाद से निपटने के लिए बयानबाजी और डोजियर भेजने का जो तरीका कांग्रेस की सरकार ने शुरू किया, वो रिवायत 2014 तक जारी रही। हर आतंकी हमले के बाद भारत ने जिस तरह रिएक्ट किया, उससे पूरी दुनिया में यह मैसेज गया कि भारत एक 'सॉफ्ट स्टेट' है। भारत के इस टालू और ठंडे रवैये से पाकिस्तान के हौसले बुलंद हुए। 2004 से 2014 में कांग्रेस नीत यूपीए सरकार के शासन में आतंकियों के हौसले इतने बुलंद थे कि वो जहां चाहते थे आसानी से हमले को अंजाम दे देते थे। उन्हें पता था कि भारत सरकार का रवैया बयानबाजी और कागजी लिखा पढ़ी से ज्यादा कुछ नहीं होगा। वर्ष 2014 में केंद्र की सत्ता में भाजपा नीत एनडीए सरकार का आगमन हुआ।

जिसका नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। मोदी सरकार ने सत्ता संभालने के साथ आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करना शुरू किया। जिसका नतीजा यह रहा है कि कश्मीर को छोड़कर देश के किसी हिस्से में आतंकी घटनाओं की खबर सामने नहीं आई। कश्मीर में स्थानीय लोगों की मदद से आतंकियों और उनके सरगनाओं के हौसले बुलंद है। 2019 में धारा 370 को हटाने के बाद घाटी के हालात तेजी से बदले। के बाद से देश में आतंकी घटनाओं का ग्राफ गिरा है। 18 सितंबर 2016 में जम्मू-कश्मीर स्थित उरी भारतीय सेना के ब्रिगेड हेडक्वार्टर पर जैश-ए-मोहम्मद के चार आतंकवादियों ने सुबह सवेरे घात लगाकर हमला किया। हमले में हमारे कई जवान शहीद हुए। इस हमले के महज 10 दिन बाद भारतीय जवानों ने 28-29 सितंबर की दरम्यानी रात को पीओके में सीमा के भीतर तीन किलोमीटर अंदर तक घुसकर आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर डाला। पाकिस्तान को सबक सिखाने का इससे बेहतर तरीका नहीं हो सकता था। जम्मू कश्मीर के पुलवामा में 14 फरवरी 2019 की शाम करीब तीन बजे सीआरपीएफ के एक काफिले को श्रीनगर-जम्मू हाईवे पर आतंकी हमला हुआ था। इस हमले में 40 जवान शहीद हो गए थे। इस हमले का बदला लेने के लिए भारत ने एयर स्ट्राइक का विकल्प चुना था। इन दो बड़ी घटनाओं के बाद मोदी शासनकाल में पहलगाम घटना सामने आई है। जिसका प्रत्युत्तर मोदी सरकार ऑपरेशन सिंदूर के तौर पर दिया है। चूंकि आतंकियों ने धर्म पूछकर हिंदू पुरुषों की हत्या उनकी पत्नी और परिवार के सामने की। आतंकियों ने हिंदू महिलाओं का सुहाग उजाड़ कर उनके माथे के गौरव सुहाग चिह्न सिंदूर को पोंछने का कुकृत्य किया था। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी ने नापाक पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए हुए ऑपरेशन का नामकरण सिंदूर रखकर दुनिया को यह संदेश दिया है कि निर्दोष नागरिकों को मारकर सुहाग उजाड़ने और सिंदूर मिटाने वाले ज्यादा दिन सांस नहीं ले पाएंगे। पहलगाम आतंकी घटना में हुई नृंशसता के बारे में भारत की बेटियों ने रो–रोकर पूरी दुनिया को बताया था। पाकिस्तान के आतंकी ठिकाने उजाड़ने के बाद भारतीय सैनिकों की वीरता की कहानी भी प्रेस वार्ता के माध्यम से भारत की दो बेटियों कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने ही पूरी दुनिया के सामने रखी। इस ऑपरेशन के जरिये भारत ने फिर स्पष्ट किया है कि अब कोई आतंकी हमला बिना जवाब के नहीं जाएगा। यह कार्रवाई सिर्फ एक सैन्य उपलब्धि नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों की सामूहिक इच्छा का परिणाम है। प्रधानमंत्री के शब्दों में–ह्लअब आतंकियों की बची-खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# अमरगढ़ के जवाहर ज्योति इंटर कॉलेज में मॉकड्रिल का किया गया अयोजन

**वेलकम इंडिया**

बुलंदशहर ऊंचागांव. बुधवार को नगर के जवाहर ज्योति इंटर कॉलेज अमरगढ़ में मॉकड्रिल कर छात्रों को हमले की स्थिति में बचाव के गुर सिखाए गए। मॉकड्रिल भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव और युद्ध की स्थिति के मद्देनजर आयोजित की गई थी प्रधानाचार्य अखिलेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में छात्रों को बचाव के प्रति प्रशिक्षित किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि कैसे हम आपातकालीन स्थितियों में अपनी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं। उन्होंने ब्लैकआउट के बारे में भी विस्तार से बताया। ब्लैकआउट के दौरान घरों में रोशनी नहीं होनी चाहिए ताकि दुश्मन को आपकी स्थिति का पता न लग सके। उन्होंने कहा कि ब्लैकआउट के दौरान सभी लाइटें बंद रखनी चाहिए। खिड़कियों और दरवाजों को ढक देना चाहिए ताकि कोई भी प्रकाश बाहर न निकले। इससे दुश्मन को हमारे ठिकानों का पता लगाने में मुश्किल होगी और हमारी सुरक्षा बढ़ जाएगी।



# नरौरा में तीन चरणों में आयोजित हुआ मॉक ड्रिल, लोगों को किया गया जागरूक

**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर** । नरौरा में आयोजित मॉक ड्रिल व ब्लैक आउट का वोलिएंटर्स की मदद से सफल अभ्यास किया गया। परमाणु विद्युत केंद्र वाले बुलंदशहर के नरौरा में तीन चरणों में मॉक ड्रिल किया गया। पहले चरण में सायरन बजाकर लोगों को जागरूक किया गया। उसके बाद धमाकों की आवाज सुनाई दी

दूसरे चरण में धमाकों में घायल हुए लोगों को प्राथमिक चिकित्सा चौकी पहुंचाया गया और धमाकों से लगी आग बुझाई गई। तीसरे चरण में एम्बुलेंस की मदद से धमाकों से घायलों हुए लोगों को हायर मेडिकल सेंटर पहुंचाया गया। इस दौरान लोगों को सोशल मीडिया की अफवाओं से बचने व संदिग्ध वस्तु ना छूने के लिए भी जागरूकता किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान बुलंदशहर डीएम श्रुति शर्मा, एसएसपी बुलंदशहर दिनेश कुमार सिंह, एसपी देहात डाक्टर तेजवीर सिंह व सम्भल डीएम, सम्भल एसपी, एनडीआरएफ, सीआईएसएफ, दमकल विभाग अधिकारी मौजूद रहे।



# वीर सैनिकों के सम्मान में फोकस अल्ट्रासाउंड सेंटर से निकाली जाएगी विशाल बाइक रैली

**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**

**हाथरस**। शौर्य एवं पराक्रम के प्रतीक महाराणा प्रताप जी की जयंती के शुभ अवसर पर भारतीय सेना द्वारा पहलगाम में हुई कायरतापूर्ण घटना के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाने के लिए एक विशाल बाइक रैली आज शाम समय शाम साढ़े चार बजे से निकाली जानी है। जो फोकस अल्ट्रासाउंड सेंटर से लेकर श्री महाराणा प्रताप जी की मूर्ति नगला भुस तक बाइक रैली निकाली जाएगी। हाथरस के प्रमुख समाजसेवी एवं फोकस अल्ट्रासाउंड सेंटर के डायरेक्टर डॉ विकास शर्मा के नेतृत्व में निकाली जाएगी। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा अल्ट्रासाउंड सेंटर पर एकत्रित होकर बाइक रैली का हिस्सा बन देश के वीर सपूतों का सम्मान के लिए यह बात कही है। उन्होंने सभी साथियों से अनुरोध किया है कि अपने व्हाट्सएप स्टेटस इंस्टाग्राम एवं फेसबुक पर अधिक से अधिक इस कार्यक्रम को साझा करें जिससे हमारी एकता का परिचय पूरे भारत वर्ष में जाए।

डॉ विकास शर्मा ने कहा कि हमें बड़ा हर्ष हो रहा है कि पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित पहलगाम हमले का हमारे वीर भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के आतंकी अड्डों का खात्मा कर पाकिस्तान को करारा जवाब दिया गया है अतः हमारे शौर्य एवं पराक्रम के स्वरूप महान योद्धा महाराणा प्रताप जी की जयंती पर भारतीय सेना एवं हमारे वीर सैनिकों के सम्मान में एक विशाल बाइक रैली निकाली जाएगी।

# आतिशबाजी और 'भारत माता की जय' के नारों से गूंज उठा अटेर गांव

**निर्मल सैनी वेलकम इंडिया**

**लखनऊ**। माल के अटेर गांव में पाकिस्तान पर भारतीय सेना की कार्रवाई से जश्न का माहौल रहा।गांव में खुशियां मनाई गई । आतिशबाजी के साथ भारत माता की जय के नारे लगे।

ऑपरेशन सिंदूर ने लोगों को गर्व से भर दिया है। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आम पर्यटकों को जिस प्रकार से आतंकवादियों ने निशाना बनाया था, उसके बाद से देश भर में गम और गुस्सा था। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार से कार्रवाई की मांग चल रही थी। आतंकवाद के खिलाफ लगातार 15 दिनों से प्रदर्शन चल रहे थे। बुधवार सुबह जब लोगों की नींद खुली तो उन्हें पाकिस्तान में कार्रवाई की खबर मिली। इसके बाद लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। अटेर गांव के लोगों में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर खुशी जताई गई है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर अटेर गांव के हिमांशु मिश्रा, शुभम पांडेय, कमल शुक्ला, सुधीर पांडेय सहित अन्य युवाओं ने भारतीय सेना को बधाई दी। ग्रामीणों ने कहा आतंकवाद का अब खत्मा होना ही चाहिए। अंतिम आतंकवादी को जमीन में गाड़ने तक करवाई जारी रहनी चाहिए। इस अवसर पर दर्जनों युवाओं सहित बच्चों व बुजुर्गों ने हिस्सा लिया।



# संभावित खतरे से निपटने हेतु सी एच सी लखावटी पर हुई मार्क ड्रिल



**वेलकम इंडिया**

**औरंगाबाद /बुलंदशहर** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लखावटी पर मार्क ड्रिल का आयोजन कर स्वास्थ्य अधिकारियों ने तमाम सुरक्षा व्यवस्था को जांचा परखा।

नागरिक सुरक्षा को लेकर आयोजित मार्क ड्रिल में अस्पताल अधीक्षक डॉ हरेंद्र सिंह ने सभी चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों को हर वक्त किसी भी संभावित अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए तत्पर रहने का आग्रह किया। घायलों की त्वरित सुचारू चिकित्सा हेतु पूर्वाभ्यास किया गया। सभी चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों ने हर स्थिति में देश और समाज हित में सजग रहकर हालात से निपटने में पूर्ण सहयोग करने का भरोसा दिलाया।

इस अवसर पर अस्पताल अधीक्षक डॉ हरेंद्र सिंह, डॉ अशोक कुमार सिंह नर्स प्रदीप सरोज फार्मेसिस्ट मुनेश एंबुलेंस स्टाफ भक्तमाल स्वीपर आदि मौजूद रहे।

# शाखा प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक का हुआ तबादला



**वेलकम इंडिया**

**औरंगाबाद/बुलंदशहर**। पंजाब नेशनल बैंक औरंगाबाद में शाखा प्रबंधक पुष्पेन्द्र कुमार का स्थानांतरण दिल्ली के लिए हो गया। स्थानांतरित शाखा प्रबंधक को सहकर्मियों ने भावभीनी विदाई दी। पंजाब नेशनल बैंक के शाखा प्रबंधक पुष्पेन्द्र कुमार के सम्मान में आयोजित विदाई समारोह में उप प्रबंधक आदर्श भारद्वाज की अगुवाई में तमाम सहकर्मियों ने माल्यार्पण कर बुके भेंट कर उन्हें भावभीनी विदाई दी। अपने संबोधन में पुष्पेन्द्र कुमार ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए उनसे मिले सहयोग का जिक्र किया और सभी के प्रति कृतज्ञता जताई। इस अवसर पर उप प्रबंधक आदर्श भारद्वाज, हरेंद्र सिंह वीरपाल सिंह सतेंद्र आर्य अंकुर शुक्ला आदि समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# ग्रापए का प्रतिनिधिमंडल नवागत जिला अधिकारी से किया मुलाकात

**वेलकम इंडिया**

**संत कबीर नगर**। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन जनपद इकाई संत कबीर नगर के जिला अध्यक्ष सौरभ त्रिपाठी की अगुवाई में एक प्रतिनिधि मंडल बुधवार को नवागत जिलाधिकारी आलोक कुमार से मुलाकात किया और उन्हें संगठन का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन का एक प्रतिनिधि मंडल बुधवार को जिलाधिकारी से मुलाकात किया नवागत जिला अधिकारी ने संगठन के बारे में जानकारी प्राप्त किया और कहा कि शासन की योजना को जनता तक और जनता की समस्या को शासन तक पहुंचने में पत्रकार हमेशा सेतु का काम करते हैं संत कबीर नगर में विकास का हर कार्य बिना पत्रकारों के सहयोग से नहीं हो सकता उन्होंने कहा कि पत्रकारों के लिए जो भी आवश्यकता पड़ेगी वह सुविधा उपलब्ध कराया जाएगा पत्रकार हमेशा निष्पक्ष पत्रकारिता करें जिससे कि समाज मे पीड़ित व्यक्ति को न्याय मिल सके इस मौके पर जिला अध्यक्ष सौरभ त्रिपाठी जिला कोषाध्यक्ष सत्य प्रकाश वर्मा संगठन मंत्री आलोक बरनवाल तहसील अध्यक्ष मेहदावल महबूब पठान संगठन के सदस्य अब्दुल करीम मौजूद रहे।



# नागेश्वर मंदिर रोड पर टूटी पुलिया बनी है जी का जंजाल

**वेलकम इंडिया**

औरंगाबाद/ बुलंदशहर नगर पंचायत औरंगाबाद में नागेश्वर मंदिर रोड पर भावसी रोड चौराहा स्थित पुलिया अरसे से टूटी पड़ी है। इस पुलिया के निर्माण के लिए स्वयं एस डी एम सदर नवीन कुमार ने भी अरसे पहले शिवरात्रि के मद्देनजर अविलंब दुरुस्त कराये जाने के निर्देश नगर पंचायत के सर्वेसवाओं को दिये थे लेकिन लीपापोती कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। फिलहाल टूटी पुलिया लोगों के जी का जंजाल बनी किसी बड़े हादसे के इंतजार में दिखाई दे रही है। नागेश्वर मंदिर जाने वाले मार्ग पर स्थित इस टूटी पुलिया से होकर हजारों स्कूली बच्चों को अपने स्कूलों तक रोजाना जाना जाना होता है। बच्चों को लेकर जाने वाले वाहनों को भी इसी मार्ग से गुजरना पड़ता है जिसके चलते कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है लेकिन नगर पंचायत के सर्वेसर्वा आंखों पर पट्टी बांधे हुए मौन साधे हुए हैं। प्राचीन नागेश्वर मंदिर, कस्बे के प्रतिष्ठित नेशन पब्लिक स्कूल, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज, अनेक कोचिंग सेंटर आदि जाने के लिए एक मात्र यही रास्ता है। इसके बावजूद टूटी पुलिया अरसे से लोगों के जी का जंजाल बनी हुई है। ऐसा नहीं है कि इसके निर्माण के लिए किसी ने कोई प्रयास नहीं किया हो। शिवरात्रि पर्व की व्यवस्थाओं का जायजा लेने नागेश्वर मंदिर जा रहे एस डी एम सदर नवीन कुमार ने अधिशासी अधिकारी सेवा राम राजभर को शिवरात्रि से पूर्व इस पुलिया को ठीक कराने के निर्देश दिए थे लेकिन नतीजा सिफर ही रहा।



# हमारी पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सड़क से लेकर संसद तक इन वर्गों की आवाज को मजबूती से उठा रही है: जिलाध्यक्ष राजकुमार भुर्जी

**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर** अपना दल एस के गठन से लेकर आज तक जातिगत जनगणना की मांग कर रही हमारी पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष केन्द्रीय स्वास्थ मंत्री मा अनुप्रिया पटेल की मांग को मानने पर मा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पार्टी संगठन बहुत बहुत आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करता है उक्त विचार अपना दल एस बुलन्दशहर के जिला अध्यक्ष राजकुमार भुर्जी ने अपना दल एस बुलन्दशहर के युमनापुरम स्थित पार्टी कार्यालय पर आयोजित मासिक बैठक में व्यक्त किए जिला अध्यक्ष ने कहा जातिगत जनगणना की श्रेय विपक्षी पार्टी लेने का ढोंग कर रही है जो पार्टी आज तक दलितों पिछड़ों का हक मारती रही है जिन्होंने 5 दशकों तक देश पर राज किया उन्हें कभी जातिगत जनगणना की याद तक नहीं आई हमारी पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सड़क से लेकर संसद तक इन वर्गों की आवाज को मजबूती से उठा रही है। जिला अध्यक्ष ने कहा मेडिकल कॉलेज में आरक्षण का मामला हो नीट की परीक्षा में आरक्षण हो या सैनिक स्कूलों, केन्द्रीय विद्यालयों में आरक्षण तथा आऊट सोर्सिंग नौकरियों में आरक्षण हो सभी की आवाज की हमारी पार्टी ने मजबूती से उठाया है। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजकुमार भुर्जी तथा संचालन जिला महासचिव खालिक अंसारी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से राजकुमार भुर्जी जिला अध्यक्ष अपना दल एस बुलन्दशहर, ठाकुर अमरपाल सिंह प्रदेश सचिव व्यापार मंच, जिला महासचिव खालिक अंसारी, जिला उपाध्यक्ष पुरोत्तम सैन, जिला उपाध्यक्ष पवन चौधरी, मोहित शर्मा जिला उपाध्यक्ष ,जिला सचिव भगवत जाटव, जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मंच हामिद अली सैफी पिंकी रस्तोगी, हर्षित रस्तोगी, देवानंद गौतम, विनोद कुमार, धर्मेंद्र चौहान, मोहित शर्मा, सतीश लोधी, मदन कुमार, मोहम्मद साजिद खान, फैज आलम, अदनान अंसारी, अरशान अंसारी, सुनील कश्यप, राजेंद्र बाल्मीकि, रामपाल प्रजापति, आदि मुख्य रूप उपस्थिति रहे।



# पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक से प्रतापगढ़ में खुशी छात्रो ने तिरंगा रैली निकाल सेना को कहा धन्यवाद

**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**

**प्रतापगढ़** । पाकिस्तान में घुसकर भारतीय जवानों ने आंतकी के ठिकानों को तबाह कर देने पर जिले मे खुशी का माहौल है ।चहुओर बस एक ही चर्चा है मोदी ने जो कहा वो किया । भारत की सेनाओ को खुली छूट दे प्रधानमन्त्री मोदी ने जो जिम्मेदारी सौपी उसे हमारी वीरो ने पूरी तरह सफलता से प्राप्त किया। आतंक के अड्डो की तबाही पर जिले के आनन्दवन इंटर कालेज शुकुलपुर के बच्चों ने तिरंगा यात्रा निकालकर सरकार व सेना को किया धन्यवाद कहते हुए बच्चों ने पाकिस्तान पर हुई एयर स्ट्राइक पर खुशी जताई है । तो वही भाजपा के रानीगंज से पूर्व विधायक धीरज ओझा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, व भारतीय सेना के साहस की सराहना करते हुए भारत माता की जय के हिन्दुस्तान जिन्दाबाद के गगन भेदी नारे लगाए। आतकियो पर हुए प्रहार और उनको नेस्तनाबूद करने पर जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव एवं पूर्व जिला अध्यक्ष हरिओम मिश्रा, ओमप्रकाश त्रिपाठी जिला महामन्त्री पवन गौतम ,रामजी मिश्रा तथा जिले के वरिष्ठ वकील और भाजपा नेता नीरज ओझा ने ने खुशी जताते हुए कहा धन्यवाद हिन्द की सेना।



# मॉकड्रिल कर प्रशासन ने जांची आपात स्थिति से निपटने के लिए की गई व्यवस्थाएं

वेलकम इंडिया

**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा)** : उप मंडल प्रशासन ने मॉक ड्रिल का आयोजन कर आपात स्थिति से निपटने के लिए की गई तमाम व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। यह सफल मॉक ड्रिल ऑपरेशन एसडीएम राजेश खोथ के नेतृत्व में संपन्न हुआ। उन्हें मॉक ड्रिल के लिए ऑपरेशन इन चीफ नियुक्त किया गया था।

मॉक ड्रिल सायं 4 बजे शुरू हुआ। हुआ यू कि करीबन 4 बजे एसडीएम कार्यालय में टेलीफोन के जरिए सूचना मिलती है कि स्थानीय लोक निर्माण विभाग विश्रामगृह में आग लगी हुई है। कार्यालय में मौजूद एसडीएम राजेश खोथ ने फोन को रिसीव किया था। उन्होंने सूझबूझ से काम लेते हुए उपस्थित अधिकारियों



तथा कर्मचारियों को तुरंत अलर्ट किया। इसके फौरन बाद संयुक्त कार्यालय परिसर सहित शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र से सायरन की आवाज सुनाई दी। करीबन 3 मिनट के बाद एम्बुलेंस की गाड़ियां, डॉक्टरों की कई टीमें मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य में जुटी नजरआई। पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन तथा एसडीम राजेश खोथ भी राहत एवं बचाव टीमों के साथ-साथ मौके पर पहुंच चुके थे। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने बड़ी ही सूझबूझ का परिचय देते हुए परिस्थितियों को संभाल। वे पूरे ऑपरेशन के दौरान राहत एवं बचाव कार्य में लगी टीमों को दिशा -निर्देश देते दिखाई दिए। पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने मॉक ड्रिल के उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि मॉक ड्रिल करने का उद्देश्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण करना है, ताकि आपातकाल के दौरान घटनास्थल पर फंसे लोगों की जान त्वरित आधार पर बचाई जा सके। मॉक ड्रिल के आयोजन से व्यवस्थाओं में कमियों को पहचाना जाता है ताकि उन्हें दूर किया जा सके। मॉक ड्रिल का आयोजन समय-समय पर करवाया जाएगा। एसडीएम तथा मॉक ड्रिल के ऑपरेशन इन चीफ राजेश खोथ ने इस दौरान कहा कि किसी भी आपात आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए प्रशासन की सभी तैयारियां पूर्ण है, मॉक ड्रिल के आयोजन से यह साफ हो गया है।

## भारतीय सेना के अदम्य साहस और समर्पण का प्रतीक है ऑप्रेशन सिंदूर : प्रिया असीजा

वेलकम इंडिया

**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा)** : पहलगाम आतंकी का बदला लेने के लिए केंद्रीय रक्षा मंत्रालय व भारतीय सेना द्वारा चलाए गए आप्रेशन सिंदूर भारतीय सेना के अदम्य साहस और समर्पण का प्रतीक है। भारतीय सेना ने एक बार फिर से स्पष्ट कर दिया है कि भारत में आतंकवाद की कोई जगह नहीं है तथा भारत अपनी सुरक्षा और अखंडता के साथ कोई समझौता नहीं करेगा। यह बात समाजसेवी एवं भिवानी विधानसभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी प्रिया असीजा ने ऑप्रेशन सिंदूर को लेकर भारतीय सेना की प्रशंसा करते हुए कही। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा से जुड़े हर निर्णायक कदम में देश का प्रत्येक नागरिक सरकार व सेना के साथ मजबूती से



खड़ा हैं। उन्होंने कहा कि हमारे वीर सैनिकों की यह कार्रवाई भारत की संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। असीजा ने कहा कि जिस तरह से भारतीय सेना ने ऑप्रेशन सिंदूर चलाकर आतंकवाद को खत्म करने का संकल्प लिया है, उसे अंजाम तक पहुंचाना है हमें उम्मीद है कि भारत आगे भी बड़ी कार्रवाई करेगा और आतंकियों का खात्मा करेगा। उन्होंने कहा कि पहलगाम में आतंकवादियों ने जिस तरह से पर्यटकों को मारा, लोग इसके खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे थे आज हम सब भारतवासी सेना के इस ऑपरेशन का समर्थन करते हैं और ऐसे मौके पर हम सब एकजुट हैं।

प्रिया असीजा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच आतंकवाद विरोधी है तथा उनके नेतृत्व में भारतीय सेना द्वारा चलाया गया यह ऑप्रेशन आतकंवादी सोच रखने वाले लोगों के मुंह पर तमाचा साबित हुआ है।

## बरेली एसएसपी की सर्जिकल स्ट्राइक: 10 माह में 766 पुलिसकर्मी दंडित, 146 सस्पेंड, 2394 पुरस्कृत

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** जनहित में जवाबदेह, अनुशासित और भ्रष्टाचार मुक्त पुलिसिंग को लेकर बरेली एसएसपी अनुराग आर्य ने पिछले दस महीनों में बड़ा एक्शन लिया है। उन्होंने विभाग में अनुशासनहीनता, भ्रष्टाचार और कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक शुरू कर दी है। करीब दस माह में एसएसपी ने 766 पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की, जिनमें 146 को निलंबित और 4 पुलिसकर्मियों को बर्खास्त किया गया है। यह कार्रवाई 27 जून 2024 से 3 मई 2025 के बीच की गई। एसएसपी अनुराग आर्य ने जिन 146 पुलिसकर्मियों को निलंबित किया, उनमें 8 इंस्पेक्टर, 43 सब इंस्पेक्टर, 39 हेड कांस्टेबल, और 54 सिपाही शामिल हैं। इसके अलावा, पुलिस सेवा नियम 14(1) के तहत 2 इंस्पेक्टर समेत 12 कर्मियों को न्यूनतम वेतनमान पर दंडित किया गया जबकि 4 पुलिस कर्मियों को सेवा से हटाने का फैसला लिया गया।

रूल 14(2) के तहत 63 इंस्पेक्टर समेत 553 पुलिसकर्मियों को ह्यबेड एंट्री दी गई है, जो उनकी सेवा पुस्तिका में नकारात्मक प्रभाव



डालती है। इसके अलावा 5 इंस्पेक्टर समेत 45 को अर्थदंड और 6 पुलिसकर्मियों को वसूली दंड भी दिया गया है। अनुशासनात्मक कार्रवाई के साथ-साथ अच्छे प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मियों को सराहना भी मिली है। एसएसपी अनुराग आर्य के नेतृत्व में 2394 पुलिसकर्मियों को प्रशस्तिपत्र और 1027 को नकद पुरस्कार दिए गए हैं। इनमें 26 एएसपी, 64 सीओ, 129 इंस्पेक्टर, 266 सब इंस्पेक्टर, और 246 हेड कांस्टेबल शामिल हैं। एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा, ह्लजनता की सुरक्षा और विश्वास कायम रखने के लिए अनुशासन सबसे पहली शर्त है।

बरेली पुलिस को भ्रष्टाचार मुक्त, उत्तरदायी और जनता के अनुकूल बनाने की दिशा में यह कार्रवाई एक निरंतर प्रक्रिया है। बेहतर कार्य करने वालों को प्रोत्साहन और लापरवाहों को दंड झ्र यही हमारी नीति है।

## सर्जिकल स्ट्राइक: ब्लैकआउट और मॉक ड्रिल

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता

**बरेली।** युद्ध जैसी परिस्थितियों से निपटने की तैयारी के तहत बुधवार रात पूरे देश में मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। इसमें रात 8:00 से 8:10 बजे तक ब्लैकआउट कर युद्धकालीन स्थिति का अभ्यास किया जाएगा। इस अभ्यास को लेकर मुस्लिम संगठनों ने भी समर्थन जताया है और आमजन से सहयोग करने की अपील की है। इस दौरान भारतीय सेना की आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई की भी सराहना की गई। बुधवार को प्रेसवार्ता में आईएमसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा ने कहा कि पाकिस्तान में मौजूद आतंकी अड्डों पर भारतीय सेना की कार्रवाई बेहद सराहनीय है। उन्होंने कहा कि यह ऑपरेशन सिंदूर देश की सुरक्षा के लिए उठाया गया साहसिक कदम है, जो आतंक के खिलाफ भारत की मजबूत इच्छाशक्ति को दर्शाती है। मौलाना ने



कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा के लिए सेना का हर कदम देशवासियों को गौरव की अनुभूति कराता है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता, और ऐसे तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई आवश्यक है। मौलाना तौकीर ने कहा कि पाकिस्तान ने जो जख्म हमे दिया है ये केवल मरहम है, अभी पूरा हिसाब करना बाकी है। आतंकवादियों ने 26 देशवासियों को मारा था, हम उनकी मौत का बदला 26 सौ लोगों मारकर लेंगे। दरगाह आला हजरत से जुड़े संगठन जमात रजा-ए-मुस्तफा के राष्ट्रीय महासचिव फरमान मियां ने नागरिकों से अपील की कि वे मॉक ड्रिल के दौरान ब्लैकआउट अभ्यास में पूर्ण सहयोग करें। उन्होंने बताया कि रात 8 बजे सायरन बजेगा और 8:10 तक बिजली बंद रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस अभ्यास का उद्देश्य आपदा की स्थिति में नागरिकों को जागरूक करना और तत्काल प्रतिक्रिया की तैयारी को परखना है। फरमान मियां ने कहा कि इस दौरान बिजली आपूर्ति रोकी जाएगी, नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाएगा और आपातकालीन टीमों की कार्यप्रणाली का परीक्षण किया जाएगा। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने भारतीय सेना की कार्रवाई की प्रशंसा करते हुए कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पूरा देश आक्रोशित था। सेना ने जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान में मौजूद आतंक के नौ ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। इस कदम से भारत ने स्पष्ट संदेश दिया है कि वह अपनी संप्रभुता से कोई समझौता नहीं करेगा।

मौलाना ने कहा कि आज हर भारतीय को सेना पर गर्व है। आतंकवाद मानवता के लिए खतरा है और इसका कोई धर्म नहीं होता।

## युद्ध की स्थिति में हवाई हमले से बचने के लिए नगीना में किया मॉक ड्रिल

वेलकम इंडिया महमूद रजा

बिजनौर नगीना में मॉक ड्रिल का सुबह 11 बजे एक साथ इमरजेंसी सायरन बजा।शासन प्रशासन के अधिकारीयों ने लोगों को हवाई हमले से बचने के लिए टिप्स दी। आपात स्थिति में आम लोगों को क्या क्या करना है इसके बारे में बताया गया।

मॉक ड्रिल के संबंध में एसपी ग्रामीण एडी एम व नगीना एसडी एम आशुतोष जैसवाल तथा क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने हवाई हमले से बचने के लिए लोगो जागरुक करते हुए जानकारी की दी गई इस मौके पर नगीना थाना प्रभारी तेजपाल सिंह भारी संख्या पुलिसकर्मी व भाजपा कार्यकर्ता व सभासद को चित्तौड़गढ़ चौकी चौराहे पर सुबह 11 बजे जन जागरूकता के लिए मॉक ड्रिल कार्यक्रम किया मॉक डिल कार्यक्रम में अग्निशमन के



अधिकारियों व पुलिस कर्मियों तथा एम्बुलेंस ने पहुंच कर इस कार्यक्रम को सफल बनाया । मॉक ड्रिल कार्यक्रम ए डी एम की अध्यक्षता में सुबह ॥ को चित्तौड़गढ़ चौकी चौराहे पर दुश्मन द्वारा हवाई हमले से सुरक्षित रखने के लिए मॉक ड्रिल किया गया एडीएम ने बताया कि हवाई हमले से नगीना चित्तौड़गढ़ चौराहे पर मॉक ड्रिल कार्यक्रम का आयोजन किया गया है ।

## बक्फ संशोधन बहुत लाभदायक है, इससे प्रत्येक वर्ग को लाभ होगा : जिलाध्यक्ष



वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार

**हाथरस।** विधानसभा का बक्फ संशोधन अधिनियम को लेकर हाथरस के घंटाघर पर सेंट जॉन्स पब्लिक स्कूल में अल्पसंख्यक संवाद सभा का आयोजन किया गया, कार्यक्रम की अध्यक्षता सदर विधायक अंजुला माहौर द्वारा की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मैनपुरी भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह चौहान रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी रहे। जिसमें मुख्य अतिथि प्रदीप सिंह चौहान द्वारा अपने वक्तव्य में बक्फ संशोधन अधिनियम के फायदे के बारे में बताया गया?। उन्होंने यह कहा 2013 में कांग्रेस की सरकार द्वारा बक्फ संशोधन अधिनियम किया गया, जिसमें बक्फ को असीमित शक्तियां दे दी गई?। जिसका मुख्य उद्देश्य यह था न खाता ना वही जो बक्फ कह दे वही सही एवं अल्पसंख्यकों को होने वाले लाभ के बारे में भी विस्तार से बताया, वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष शरद महेश्वरी ने अपने उद्बोधन में यह बताया कि बक्फ संशोधन अधिनियम को लेकर विपक्षी दलों द्वारा समाज में विभिन्न प्रकार की भ्रांतियां को फैला दिया गया है, यह संशोधन बहुत लाभदायक है, इससे प्रत्येक वर्ग को लाभ होगा पूर्व में विपक्षी दलों के नेताओं द्वारा बक्फ की बड़ी-बड़ी संपत्तियों पर अपने-अपने माल मल्टीनेशनल बिल्डिंग, अपार्टमेंट, मार्केट, होटल रेस्टोरेंट ,थिएटर आदि बनाए गए हैं, अब जब उसकी जांच की जाएगी, जांच में गलत पाए जाने पर इन सभी संपतियों पर सरकार का बुलडोजर चलेगा, यही चिंता विपक्षी दलों को सता रही है ,वहीं सदर विधायक अंजुला सिंह माहौर द्वारा अपने वक्तव्य में यह कहा गया कि बक्फ संशोधन अधिनियम से वास्तव में सभी को बहुत बड़ा लाभ होगा, अल्पसंख्यक समाज को चिंता करने की कोई भी आवश्यकता नहीं है, और सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया, कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहने वालों में अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष शब्बीर अहमद, महामंत्री समीर घोसी, नवाब कुरैशी,हुमायूं खान,पूर्व जिला अध्यक्ष गौरव आर्य, संजय सक्सेना, संतराज सिंह, विष्णु बघेल, प्रदीप शर्मा, स्मृति पाठक,मूलचंद वार्ष्णेय, योगेश सैंगर, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुनीता वर्मा, सेंट जॉन्स स्कूल की डायरेक्टर सुचेता जॉन आदि रहे।

## इंस्टाग्राम पर हुई दोस्ती प्यार में बदली, युवती ने धर्म बदलकर प्रेमी से रचाई शादी

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** मुरादाबाद की रहने वाली एक मुस्लिम युवती ने अपनी मर्जी से इस्लाम धर्म त्यागकर सनातन धर्म को स्वीकार किया और बरेली के युवक शिवम मौर्य के साथ विवाह कर लिया। युवती ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि उसने बिना किसी दबाव के धर्म परिवर्तन किया है और अब अपने परिजनों से उसे और उसके पति को जान का खतरा है। धर्म परिवर्तन के बाद सुहाना ने अपना नाम बदलकर सोनी मौर्य रख लिया है। मूल रूप से मुरादाबाद जनपद के मूढ़ापांडे थाना के खाई खेड़ा गांव की निवासी सोनी ने बताया कि वह बीते पांच वर्षों से हिंदू धर्म की परंपराओं और मान्यताओं से प्रभावित थी। सोनी और शिवम की पहचान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर हुई थी। बातचीत के सिलसिले के बाद दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं। आठ दिन पूर्व सोनी बरेली पहुंची, जहां दोनों ने अगस्त्य मुनि आश्रम में शुद्धिकरण के पश्चात



विधिवत हिंदू रीति-रिवाजों से विवाह किया। आश्रम के आचार्य पंडित के.के. शंखधार ने बताया कि युवती ने पूरी श्रद्धा और स्वेच्छा से धर्म परिवर्तन किया। उनके अनुसार, गंगाजल और गौमूत्र से शुद्धिकरण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद विवाह सम्पन्न हुआ। शिवम मौर्य, जो रुद्रपुर की एक फैक्ट्री में कार्यरत हैं, ने बताया कि उनके परिवार ने इस रिश्ते को सहर्ष स्वीकार कर लिया है। परंतु सोनी के परिजन इस शादी से असहमत हैं और दोनों को जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं। सोनी ने अपने बयान में कहा, ह्लमैं अपनी मर्जी से धर्म बदला है और विवाह किया है। मुझ पर कोई दबाव नहीं था। लेकिन अब मेरे परिवार वाले मुझे, मेरे पति और उनके परिवार को जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं। मैं प्रशासन से सुरक्षा की मांग करती हूं।

## प्राचीन शिव मंदिर में हुई चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार, चोरी गया सामान बरामद

वेलकम इंडिया

**टांडा जिला रामपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सीरकापट्टी स्थित ऐतिहासिक शिव मंदिर परिसर में बने पुजारी के कमरे में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी गया सामान भी बरामद कर लिया है। विधिक कार्रवाई पूर्ण कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

घटना सोमवार की रात की है, जब मंदिर परिसर में स्थित पुजारी नरेश गिरि के कमरे का ताला तोड़कर अज्ञात चोर उनका मोबाइल फोन, पीतल का लोटा तथा तीन मालाएं चोरी कर ले गया था। पुजारी द्वारा थाने में तहरीर दिए जाने के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर घटना के शीघ्र अनावरण हेतु थाना स्तर पर विशेष टीम का गठन




किया गया। टीम द्वारा घटनास्थल और उसके आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की गहन पड़ताल के बाद आरोपी की पहचान भूपाल सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह, निवासी फत्तावाला दढियाल, थाना टांडा, जनपद रामपुर के रूप में हुई। बुधवार को गश्त के दौरान टांडा पुलिस ने उसे जटपुरा की पुलिया के समीप नहर किनारे एक कच्चे रास्ते से धर दबोचा। आरोपी के कब्जे से चोरी गया पीतल का लोटा, तीन मालाएं, एक शंख, एक मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त एक ऑल्टो कार बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विधिक प्रक्रिया अपनाते हुए चालान की कार्रवाई कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

## जिलाधिकारी मे महात्मा विदुर सभागार में पौराणिक मालन नदी का पुनरूद्धार कराएं जाने के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई

वेलकम इंडिया महमूद रजा

बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में पौराणिक मालन नदी का पुनरूद्धार कराएं जाने के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, उप जिलाधिकारी सदर अवनीश कुमार, नगीना आशुतोष जैसवाल व नजीबाबाद विजय शंकर, डीसी मनरेगा, तहसीलदार सहित अन्य विभागीय अधिकारी लेखपाल मौजूद थे। जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने बताया कि महाकवि कालिदास द्वारा विराचित नाट्यग्रंथ अभिज्ञान शकुन्तलम के




अनुसार महर्षि कण्व का आश्रम मालिनी नदी (आज की मालन) एवं गंगा के संगम पर अवस्थित था। यही स्थान सम्राट दुष्यंत एवं ऋषि की पालित पुत्री शकुन्तला की प्रणय स्थली रही है। इन्ही के पुत्र भरत के नाम पर हमारे देश का नाम भारत पड़ा। दोनों नदियों का संगम स्थल वर्तमान में बिजनौर शहर से 12 किमी की दूरी पर स्थित ग्राम रावली के रूप में पहचाना जाता है, जो इस जनपद का एक प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है। उन्होंने कहा कि पौराणिक दृष्टिकोण से मालन नदी का पुनरूद्धार किया जाना अत्यंत आवश्यक है, जिसके लिए जिला प्रशासन द्वारा कार्य योजना तैयार की गई है। उन्होंने बताया कि सर्वप्रथम मालन नदी का ड्रोन सर्वे कराया जाएगा ताकि उसके प्रवाह एवं सीमाओं का लेखपालों द्वारा चिन्हांकन किया जा सके। उन्होंने बताया तदुपरांत नदी के दोनों किनारों पर बन्ध बनाएं जाएंगे और बन्धों के दोनों ओर बांस एवं अन्य पौधों का रोपण किया जाएगा तथा ग्राम से गुजरने वाली मालन नदी के बंधों पर इंटरलॉकिंग, बैंच एवं वृक्षारोपण का कार्य भी कराया जाएगा ताकि वहां ग्रामवासी मनोरंजन कर सकें।

## वेटरनरी विश्वविद्यालय में कार्यवाहक कुलपति बनाने में भी मनमानी

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** वेटरनरी विश्वविद्यालय मथुरा के कुलपति की चयन प्रक्रिया में अनियमितताओं की शिकायत राजभवन से राष्ट्रपति भवन तक पहुंच चुकी हैं लेकिन यहां तो कार्यवाहक कुलपति भी सीनियरिटी में 10 वें पायदान के प्रोफेसर को बना दिया गया। यहां 'गुरू गुड़ रह गये और चेला चीनी हो गये' वाली कहावत चरितार्थ हो रही है।

कार्यवाहक कुलपति की नियुक्ति करने वाले 15-18 वर्ष पुराने प्रौफेसर साहब के मौके पर भी चेले ने झपट्टा मार दिया। वेटरनरी विश्वविद्यालय के कुलपति एके श्रीवास्तव ने अपना कार्यकाल खत्म होने से डेढ़ माह पूर्व ही निजी किरणों से पद छोड़ दिया। इसके बाद नये कुलपति के चयन तक कार्यभार राजभवन ने प्रोफेसर अरुण कुमार मदान को सोंफ दिया। मदान को प्रोफेसर बने आठ साल हुए हैं। उनका चयन करने वाले 15-18 वर्ष पुराने सीनियर प्रोफेसर सर्वजीत यादव, डा. आर पी पाण्डेय, एम एम फारुकी, डा अतुल सक्सेना को बाईपास कर प्रो. मदान को चार्ज सोंप दिया। उल्लेखनीय है कि प्रोफेसर मदान विवि के रजिस्ट्रार से कार्यवाहक कुलपति बनाये गये। उनका पे ग्रेड भी 8000 का था। यानी डिग्रेड वाले व्यक्ति को अपग्रेड कर दिया।

# महापौर ने स्टैंडिंग समिति बैठक की अध्यक्षता

वेलकम इंडिया




**लखनऊ।** स्मार्ट सिटी लिमिटेड कार्यालय में नगर के विकास को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता महापौर सुषमा खर्कवाल ने की। यह बैठक यू.एल.बी. स्तरीय स्टैंडिंग समिति की थी, जिसमें अवस्थापना निधि के अंतर्गत प्रस्तावित विकास कार्यों का चयन किया गया। बैठक में नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, पंकज श्रीवास्तव, अरुण कुमार गुप्त, डॉ. अरविंद कुमार राव, जीएम जलकल कुलदीप सिंह, चीफ इंजीनियर (सिविल) महेश वर्मा, चीफ इंजीनियर (आरआर) मनोज कुमार प्रभात सहित सभी अधिशासी अभियंता मौजूद रहे। 15वें वित्त आयोग के तहत वायु गुणवत्ता सुधार हेतु नगर निगम को 64.50 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं। इस राशि से शहर की सड़कों की मरम्मत और इंटरलॉकिंग के कार्यों पर 35.45 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा वायु प्रदूषण कम करने के लिए एन्टी स्मॉग गन और उ&ऊ वेस्ट कलेक्शन सेंटर के लिए 7 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। चौराहों की सुंदरता बढ़ाने के लिए 1 करोड़ रुपये की लागत से फव्वारे लगाए जाएंगे। पार्कों के सौंदर्यीकरण और नगर वन के विकास के लिए 11.05 करोड़ रुपये खर्च होंगे। साथ ही अवैध अतिक्रमण से मुक्त कराई गई भूमि की निगरानी के लिए 9 करोड़ रुपये में ग्रीन-फेंसिंग तकनीक अपनाई जाएगी। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन मद में मिले 173 करोड़ रुपये से शिवरी स्थित प्लांट पर फ्रेश वेस्ट के निस्तारण की व्यवस्था होगी। इसके अलावा ट्रांसफर स्टेशनों का निर्माण, पेयजल आपूर्ति की योजनाएं, और कूड़ा निस्तारण के लिए मशीनों की खरीद जैसी कुल 25 कार्यों को मंजूरी दी गई है। समिति ने इन सभी कार्यों को गुणवत्तापूर्वक और समयबद्ध तरीके से पूरा कराने का निर्णय लिया। शासन से प्राप्त 160 करोड़ रुपये की अवस्थापना निधि से शहर की झीलों की सफाई (कठौता व भरवारा), सड़कों और नालियों की मरम्मत, जल निकासी हेतु नाला निर्माण, चौराहों का सौंदर्यीकरण, कल्याण मंडप, स्ट्रीट लाइट्स, बाढ़ पंपिंग स्टेशन, वेंडिंग जोन और फ्लाईओवरों के नीचे खेल सुविधाओं के विकास जैसे 17 कार्य कराए जाएंगे। सीएम ग्रिड योजना के तीसरे चरण में जिन मार्गों का चयन होना है, उनके लिए निर्देश दिए गए कि वे पूर्ववर्ती चरणों के मार्गों से जुड़े हों। इन प्रस्तावित मार्गों का फिर से सर्वे किया जाएगा और रिपोर्ट समय-समय पर प्रस्तुत की जाएगी। मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के अंतर्गत 103.50 करोड़ रुपये के कार्यों के प्रस्ताव शासन को भेजे जाएंगे। इन कार्यों में अयोध्या रोड पर मल्टीपरपज कॉम्प्लेक्स, शहर के चौराहों का पुनर्विकास, ट्रैफिक सुधार, जोनल ऑफिस (जोन-7), शहरी वन, शिशु गृह, स्मार्ट पार्किंग और बहुउद्देशीय खेल स्टेडियम का निर्माण शामिल है। मुख्य अभियंताओं और सभी जोनल अधिकारियों को 26 जून तक शहर के सभी छोटे-बड़े नालों की सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। अगर बारिश में जलभराव की स्थिति बनी तो संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई होगी। साथ ही सभी बाढ़ पंपिंग स्टेशनों का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित किया जाएगा कि वे पूरी तरह से क्रियाशील हों।

# नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान: हटाए गए ठेले गुमटी

वेलकम इंडिया



**लखनऊ।** नगर निगम द्वारा जोन-5 क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया गया। यह अभियान आलमबाग पुलिस चौकी से लेकर पुराने जेल रोड होते हुए होमगार्ड मुख्यालय तिराहे तक चलाया गया। इस दौरान नगर निगम की टीम ने सड़क और सार्वजनिक स्थानों पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाया।

कार्रवाई के दौरान अवैध रूप से लगाए गए ठेले, गुमटी, तख्त, लकड़ी की स्टॉल, टेबल, कुर्सियां, और अन्य सामान हटाया गया। कुल मिलाकर 10 ठेले, 4 काउंटर और 3 लकड़ी की स्टॉल हटाई गईं। साथ ही वहां मौजूद लोगों को दोबारा अतिक्रमण न करने की सख्त चेतावनी भी दी गई। यह अभियान जोन-5 के जोनल अधिकारी नन्दकिशोर के नेतृत्व में चलाया गया। उनके साथ कर अधीक्षक आलोक कुमार श्रीवास्तव, राजस्व निरीक्षक पीयूष तिवारी, रेनू यादव (प्रवर्तन दल 296 की प्रभारी), और पुलिस बल मौजूद था। टीम ने सख्ती से अभियान चलाया और सभी अतिक्रमण हटवाए। नगर निगम का यह प्रयास शहर को सुचारु और स्वच्छ बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। इससे न केवल यातायात व्यवस्था बेहतर होगी, बल्कि आम जनता को भी पैदल चलने और सुविधाजनक आवागमन में राहत मिलेगी। स्थानीय लोगों से अपील की गई है कि वे किसी भी सार्वजनिक स्थान पर अतिक्रमण न करें और नगर निगम के प्रयासों में सहयोग करें। नगर निगम ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि दोबारा अतिक्रमण किया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के मामले में वांछित 04 अभियुक्तगणों को किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**संत कबीर नगर।** पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजीत चौहान के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद पंकज कुमार पाण्डेय के नेतृत्व मे उ0नि0 संजय कुमार यादव, हे0का0 आकाश कुमार, हे0का0 नरेश गुप्ता, का0 श्याम नारायण यादव ने मु0अ0सं0 366/2025 धारा 115(2),352, 351(3),191(2), 105 बीएनएस मे वांछित अभियुक्तगण 1. प्रभुनाथ पुत्र दुर्बली 2.श्रीराम पुत्र दुर्बली 3. इन्दल यादव पुत्र मिठ्ठू यादव 4. दीपक यादव पुत्र श्रीराम यादव निवासीगण सरैया थाना कोतवाली खलीलाबाद को जोरवा रेलवे क्रासिंग के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया। विदित हो कि दिनांक 03.05.2025 को रात्रि में लगभग 10:45 बजे शिकायतकर्ता कुलदीप यादव पुत्र राम लखन यादव निवासी सरैया थाना खलीलाबाद द्वारा तहरीर दिया गया कि पूर्व के जमीन विवाद को लेकर उनके साथ गांव के ही अभियुक्तगण उपरोक्त द्वारा मारपीट की गई है। तत्काल कार्रवाई करते हुए प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली खलीलाबाद पर मु0अ0सं0 366/25 धारा 115 (2), 352, 351(3), 191(2) बी0 एन0 एस0 बनाम अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध पंजीकृत किया गया। मारपीट में वादी की बहन अनुष्का यादव पुत्री रुदल यादव उम्र करीब 19 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गई थी जिनको उपचार के बाद जिला चिकित्सालय संतकबीरनगर तत्पश्चात बी0आर0डी0 मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर किया गया था जहां से उचित उपचार के लिए के0जी0एम0यू0 लखनऊ रेफर किया गया था। दिनांक 06.05.2025 को अनुष्का उपरोक्त की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। प्रकरण की गंभीरकता को देखते हुए थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए अभियोग उपरोक्त में धारा 105 बीएनएस की बढोत्तरी करते हुए उक्त अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

# प्राचीन वन विहार में धूमधाम से चल रहा है जगद्गुरू निंबाकार्चार्य श्रीमन्मुकुंद देवाचार्य महाराज का द्वादश दिवसीय पाटोत्सव

वेलकम इंडिया



**वृन्दावन।** रमणरेती-परिक्रमा मार्ग स्थित प्राचीन वन विहार (आचार्य पीठ टोपी कुंज) में अनंतश्री विभूषित जगद्गुरू निंबाकार्चार्य श्रीमन्मुकुंद देवाचार्य सेवा समिति चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) के द्वारा आद्याचार्य अनंतश्री विभूषित जगद्गुरू निंबाकार्चार्य श्रीमन्मुकुंद देवाचार्य महाराज का द्वादश दिवसीय पाटोत्सव जगद्गुरू निंबाकार्चार्य श्रीश्रीललिताशरण देवाचार्य महाराज के पावन सानिध्य में अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है।जो कि 28 अप्रैल से प्रारंभ होकर 09 मई तक चलेगा।जिसके अंतर्गत श्रीमद्भागवत महापुराण कथा, श्रीमहावाणी पाठ, त्रिदिवसीय समाज गायन आदि के आयोजन भी चल रहे हैं।

वन विहार के अध्यक्ष श्रीश्रीललिताशरण देवाचार्य महाराज ने कहा कि वन विहार (आचार्य पीठ टोपी कुंज) निंबार्क संप्रदाय का प्रमुख केंद्र हैं।जो कि अनेकों वर्षों से निंबार्क संप्रदाय के संवर्धन, संरक्षण एवं प्रचार-प्रसार में लगा हुआ है। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने कहा कि श्रीधाम वृन्दावन उत्सवों की भूमि है।इस पावन भूमि के प्रत्येक कण-कण में श्रीराधा कृष्ण विद्यमान हैं।इसीलिए यहां की भूमि अत्यंत पावन व पूज्य है।इस भूमि पर केवल वही व्यक्ति आ सकता है,जिस पर श्रीराधाकृष्ण अपनी कृपा करते हैं।उनकी कृपा के बिना यहां आना असम्भव है। भागवताचार्य रामनिवास शास्त्री ने कहा कि वृन्दावन धाम की महिमा स्वर्ग से भी अधिक है।यहां पर रहने वाले ब्रजवासी व संत स्वर्ग जाने की आशा नहीं रखते।उनके लिए श्रीधाम वृन्दावन ही स्वर्ग से श्रेष्ठ है।इसीलिए सभी देवतागण इस ब्रजभूमि में बार बार लीला करने आते रहते हैं।यहां पर ठाकुरजी का उत्सव मनाने से अन्य स्थानों की अपेक्षा शतगुणा अधिक फल प्राप्त होता है। पूज्य महाराजश्री की परम कृपापात्र शिष्या एडवोकेट स्वाति शुक्ला (मुम्बई) ने बताया कि महोत्सव के अंतर्गत 08 मई (मोहिनी एकादशी) को प्रातः 06 बजे से संतों के द्वारा श्रीयुगलनाम महामंत्र अखंड संकीर्तन किया जाएगा।इसके अलावा 09 मई को प्रातः 08 बजे से संत, ब्रजवासी, वैष्णव सेवा एवं झरां भंडारा आदि के साथ महोत्सव का समापन होगा।

इस अवसर पर भागवताचार्य महावीर शरण शास्त्री, डॉ. राजेश सूद, सतीश अग्रवाल, समाज मुखिया गोपाल शर्मा, ऋषिराज तिवारी, रामलखन बाबा, हरिदास बाबा, चरण दास, रवि शर्मा, नवल बाबा, राम नरेश भंडारी, संजीव शास्त्री, भजन गायन चन्दन महाराज, डॉ. राधाकांत शर्मा, श्याम सुंदर शर्मा, प्रेमदास मुखिया, गोपाल, मनमोहन शरण तिवारी, संत लाड़िली दास आदि की उपस्थिति विशेष रही।

# मृतक के परिजनों से मिला सपा का प्रतिनिधि मंडल, दिया सहायता राशि

वेलकम इंडिया

**मिजार्मुराद(वाराणसी)।** बेनीपुर गांव (मिजार्मुराद) में बुधवार की दोपहर उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आदेश पर बीते 25 अप्रैल को बिजली मिस्त्री फायराम राजभर की हत्या कर शव कुएं में फेंके जाने के मामले में मृतक को परिजनों से मिलने सपा का एक प्रतिनिधि मंडल मृतक के घर पहुंचा और मृतक के परिजनों से घटना के बारे में जानकारी लेने के साथ ही शोक संवेदना व्यक्त कर मृतक के चित्र पर श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया और प्रतिनिधि मंडल द्वारा परिवार को आर्थिक सहायता के रूप में एक लाख रुपया नगद दिया गया।इस दौरान सपा के विधायक/राष्ट्रीय महासचिव राम अचल राजभर ने कहां की इस दर्दनाक घटना की खड़ी निंदा सपा करती है और बोले कि उत्तर प्रदेश में जंगलराज कायम है कब किसकी हत्या हो जाए किसी को पता नही है, सरकार पूरी तरह विफल है।उन्होंने कहां की बहुत जल्दी सपा के लोग पुलिस कमिश्नर से मिलकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग करेंगे।इस दौरान पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह पटेल, पूर्व मंत्री रामदुलार राजभर, पूर्व मंत्री/प्रदेश अध्यक्ष महिला सभा रीबू श्रीवास्तव, सपा जिलाध्यक्ष सुजीत यादव उर्फ लक्कड़ पहलवान, विधायक कमलाकांत राजभर, पूर्व एमएलसी रामजतन राजभर, प्रदेश सचिव अमन यादव 'अन्नू', विधानसभा अध्यक्ष पाखंडी बिन्द, रामसिंह यादव, उमेश प्रधान, सुभाष राजभर, लालमन राजभर, कन्हैया राजभर, जिला सचिव रामसुंदर यादव, ईशान मिल्की समेत दर्जनों सपा के लोग मौजूद रहे।

# यातायात पुलिस ने ट्रैफिक एवं मिशन शक्ति के तहत नियमों के प्रति किया जागरूक




वेलकम इंडिया

**झांसी!** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में बुधवार को प्रभु दयाल पहारिया इण्टर कॉलेज बड़ागांव गेट बाहर झॉसी मे माँ अन्नपूर्णा कॉलोनी स्थित विद्यालय में पहलगाम आतंकी हमले से उत्पन्न हुई परिस्थितियो मे यातायात नारी शक्ति मिशन, साइबर क्राइम और ब्लैक आउट ड्रिल के संयुक्त विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम शिव प्रताप तिवारी के संयोजन में आयोजित किया गया जिसमें परिवहन विभाग अधिकारी संजय सिंह, महिला थानाध्यक्ष श्रीमती किरण रावत ट्रैफिक निरीक्षक देवेंद्र शर्मा साइबर सेल थाना प्रभारी चंद्रदेव यादव एवं विद्यालय संरक्षक महेश गुप्ता गुरुजी की उपस्थिति में संचालन श्रीमती वंदना गुप्ता एवं आभार प्रधानाचार्य संजीव गुप्ता के द्वारा किया गया उपस्थित ट्रैफिक वार्डन भूपेंद्र खत्री कौशल गुप्ता, संजीव द्विवेदी दिलीप सिंघल अन्य उपस्थित वार्डन जुगल कुशवाहा राशिद पठान, विनय सोनी, अनीता जारोलिया, एवं समस्त विद्यालय मंडल उपस्थित रहा तथा सभी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया छोटे छोटे बच्चो द्वारा दुर्घटना पर लघु नाट्का और बालिकाओ द्वारा सरस्वती वंदना एंव स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।

# बंजर में निकला आरोपी का मकान,फरियादी का नव निर्माण वैध !

वेलकम इंडिया

**वाराणसी मिजार्मुराद।** एसडीएम पिंडरा प्रतिभा मिश्रा ने जिस कुसुम पांडे की शिकायत पर लेखपाल नीरज को कार्यवाही का निर्देश दिया था,वे बगैर जमीन की पैमाइश किए ही किशन पांडेय की निजी जमीन को बंजर बताकर सिंधोरा पुलिस को झूठी रिपोर्ट देकर पुलिस से पिटाई करवाने के बाद जबरन निर्माण कार्य रूकवा दिया था,अब उसमें पैमाइश के बाद सच्चाई कुछ और ही निकली। प्रत्यक्षदर्शियों एवं पीड़ित के मुताबिक बुधवार को एसडीएम के निर्देश पर लेखपाल नीरज तीन सदस्यीय टीम के साथ खड़खड़ी गांव में पहुंचकर किशन पांडे के निजी भूमि तथा कुसुम पांडे के बने मकान के जमीन की पैमाइश किया तो पता चला कि किशन पांडे अपने निजी जमीन में नवनिर्मित मकान बनवा रहे हैं,वहीं कुसुम पांडे का पूर्व में बना हुआ मकान बंजर की जमीन में है। पीड़ित पक्ष योगेश पांडे व किशन पांडे ने बताया कि लेखपाल ने मौके पर ही यह बात कही, बशर्ते उन्होंने यह भी कहा कि निर्माण का कार्य अभी नहीं बल्कि एसडीएम साहब के निर्देश पर ही होगा। बहरहाल पीड़ित पक्ष के बातों की पुष्टि नहीं हो पाई है। इस मामले में एसडीएम प्रतिभा मिश्रा से फोन पर बात करके उनका पक्ष रखने का प्रयास किया गया,परंतु उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। लेखपाल नीरज ने भी इस मामले में कुछ भी बताना मुनासिब नहीं समझा,इसलिए उन्होंने भी कॉल रिसीव नहीं किया। वैसे इस मामले में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार के निर्देश पर एडीएम सप्लाई को एसडीएम प्रतिभा मिश्रा तथा लेखपाल व पुलिस के विरुद्ध जांच सौंपी गई है,इस मामले में अब जांच बाद ही कुछ कह पाना संभव होगा। बताते चले कि एसडीएम पिंडरा प्रतिभा मिश्रा द्वारा बीते शुक्रवार को पत्रकारों के समक्ष ही तल्ख तेवर में फरियादी किशन पांडेय के साथ दुर्व्यवहार करने तथा उसे थाने में बंद करवा कर पिटवाए जाने की धमकी देने के साथ ही पत्रकारों को नमक मिर्च लगाकर खबर छापने की बोल इन दिनों जिला हीं नहीं पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस मामले में बीते मंगलवार को पत्रकार प्रेस क्लब के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम पाठक के नेतृत्व में सैकड़ो पत्रकारों ने मंडलायुक्त एस राजलिंगम तथा जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंप कर एसडीएम के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग किया है।

# रालोद प्रदेश महासचिव का जोरदार स्वागत



वेलकम इंडिया

**कांधला।** रालोद प्रदेश महासचिव के नगर में पहुंचने पर उनके समर्थकों के द्वारा उनका स्वागत किया, इस दौरान उन्होंने अपने समर्थकों को पार्टी की रीति व नीतियों का प्रचार प्रसार करने का आह्वान किया

बुधवार को नगर में रालोद के नवनियुक्त प्रदेश महासचिव उमादत्त शर्मा नगर के मौहल्ला सरावज्ञान स्थित पवन कंसल के आवास पर पहुंचे, जहा पर उनके समर्थकों ने उनका स्वागत किया, उनका स्वागत करते हुए पवन कंसल ने कहा कि क्षेत्र के गांव सुन्ना से निकलकर अपने संघर्षों के दम पर उमादत्त शर्मा ने रालोद में प्रदेश महासचिव तक का सफर संघर्षों के साथ तय किया है, उनके प्रदेश महासचिव के पद पर नियुक्त होने से उनके पैतृक गांव के साथ साथ क्षेत्र में भी खुशी का माहौल है, इस दौरान उमादत्त शर्मा ने अपने सभी समर्थकों का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह सब चौधरी जयंत चौधरी की नीतियों के कारण ही संभव हो पाया है, राष्ट्रीय लोकदल गरीब व मजदूरों की पार्टी है, जो अंतिम पंक्ति में खड़े अपने कार्यकर्ता का भी ध्यान रखती है वह सबको साथ लेकर चलती है, पार्टी ने उनको यह जिम्मेदारी सौंप कर उन पर जो विश्वास जताया है वह उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे, उन्होंने अपने सभी समर्थकों से पार्टी की नीतियों का जन जन तक पहुंचाने का आह्वान करते हुए चौधरी जयंत चौधरी के हाथों को मजबूत करने के लिए कहा, इन दौरान ब्लॉक प्रमुख डा विनोद मलिक, राजीव शर्मा, डा रामकुमार शर्मा, जावेद जंग, छत्रपाल शर्मा, लियाकत खान, दीपक गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# भारतीय सेना की कार्रवाई से हिंदू मुसलमानों में खुशी का माहौल

वेलकम इंडिया

- समाजसेवी नवनीत गोयल व हजरत मौलाना सैयद मजहरूल हुदा सहित दर्जनों लोगों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर किया खुशी का इजहार

**कांधला।** भारतीय सेना के द्वारा पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानों पर बमबारी करने और उन्हें तबाह करने को लेकर भारत में जगह-जगह खुशी मनाई जा रही है। कस्बे में भी कई स्थानों पर हिंदू और मुसलमानों ने आतिशबाजी करने के साथ ही मिठाईयां बांटकर खुशी मनाई।इस दौरान दर्जनों लोग मौजूद रहे।

पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर देशभर के हिंदू और मुसलमान में आतंकवादियों के खिलाफ आक्रोश है। लगातार देश के नागरिक देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे थे। भारतीय सेना के द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के नौ आतंकवादी ठिकानों पर हमला करते हुए उन्हें तबाह कर दिया। भारतीय सेना के द्वारा की गई कार्रवाई में कुख्यात आतंकवादी अजहर मसूद के परिवार के 14 लोगों की मौत हो गई। भारतीय सेना के द्वारा की गई कार्रवाई से देश के हिंदू मुसलमानों में खुशी का माहौल है। समाजसेवी नवनीत गोयल सहित दर्जनों लोगों ने आतिशबाजी कर भारतीय सेना के द्वारा की गई कार्रवाई पर खुशी का इजहार किया। वहीं दूसरी ओर मोहल्ला खेल में स्थित मदरसा जामिया अरबिया कासिमुल उलूम की मस्जिद में मदरसे के नायब मोहतमिम सैयद मजहरूल हुदा सहित दर्जनों लोगों ने अपने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लहराते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस दौरान दर्जनों लोग मौजूद रहे।



# छेड़छाड़, मारपीट में दो पक्षों के आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू में एक दिन पूर्व दो पक्षों के बीच छेड़छाड़ को लेकर हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने दोनों और से अभियोग पंजीकृत करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गंगेरू निवासी महिला कुबरा पत्नी यामीन ने गत दिवस मंगलवार को तहरीर देकर बताया था कि उसके पड़ोसी जुनेद पुत्र उस्मान ने उसकी पुत्री के साथ छेड़छाड़ की है। छेड़छाड़ की शिकायत वापस नहीं करने पर आरोपी ने अपने भाई जुबेर पिता उस्मान व नसीम के साथ घर में घुसकर मारपीट कर दी थी जिसमें परिवार के तीन लोग घायल हो गए थे पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए चारों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर लिया। दूसरे पक्ष नफीसा पत्नी उस्मान ने भी आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी कि आरोपी मुरसलीन व शौकीन ने घर में घुसकर उसके साथ छेड़छाड़ व गाली गलौज करते हुए मारपीट की पुलिस ने दोनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

# 693 ग्रामीणों ने उठाया हरे कृष्णा मूवमेंट के स्वास्थ्य शिविर का लाभ

**वेलकम इंडिया**




**मथुरा/व्रन्दावन।** हरे कृष्ण मूवमेंट, जो वर्ष 2008 से ब्रज क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय है, ने स्वस्थ ब्रज अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। यह शिविर बुधवार को ग्राम परखम गुर्जर में हरे कृष्ण मूवमेंट, केशव माधव चिकित्सालय और एम्स, दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें 167 ग्रामीणों ने भाग लिया और अपनी स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान हेतु चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया।

संस्था के मीडिया प्रभारी अभिषेक मिश्रा ने बताया कि मार्च के प्रथम सप्ताह से लेकर अब तक हरे कृष्ण मूवमेंट द्वारा ब्रज क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों रामताल, बाटी, मघेरा, भरतिया और परखम गुर्जर में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया है। इन शिविरों के माध्यम से अब तक कुल 693 ग्रामीणों को विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा परामर्श व निःशुल्क दवाइयों की सुविधा प्रदान की जा चुकी है। केशव माधव चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. संदीप ने जानकारी दी कि संस्था का लक्ष्य आगामी तीन महीनों में प्रति सप्ताह नियमित चिकित्सा शिविरों का आयोजन करना है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर रोगों की समय पर पहचान और उचित उपचार सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने बताया कि इस शिविर के माध्यम से युवाओं को नशामुक्ति के लिए जागरूक भी किया जा रहा है।

परखम गुर्जर में आयोजित इस शिविर में एम्स, दिल्ली के डॉ. दीपिका मिश्रा, डॉ. तनुराग और डॉ. भरत, केशव माधव चिकित्सालय के डॉ. सौरभ रॉय, डॉ. सोमेश चैहान, सुनीता जी, केडी मेडिकल एवं केडी डेंटल से डॉ. शशांक, डॉ. देवरा, डॉ. निधि और डॉ. दीक्षा ने अपनी विशेषज्ञ सेवाएं प्रदान कीं।

# थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक आयोजित

**वेलकम इंडिया**

**कांधला।** थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई बैठक में शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई इस दौरान बैठक में पहुंचे नगर एवं क्षेत्र से दर्जनों लोगों ने अपने-अपने विचार रखें इस दौरान बैठक दर्जनों लोग में मौजूद रहे।

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में बीते दिनों हुए आतंकी हमले को लेकर देशभर में आक्रोश बना हुआ है। आतंकी हमले का जवाब देने के लिए लगातार पाकिस्तान पर हमले की मांग की जा रही है। पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए निदोर्षों को न्याय दिलाने के लिए देशभर में जनता सड़क पर उतरकर न्याय की मांग कर रही है। गत रात्रि भारतीय सेना ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों के ठिकानों पर मिसाइल छोड़ते हुए आतंकियों को मौत के घाट उतारा है। बुधवार को गृह मंत्रालय के आदेश पर पुलिस फोर्स को प्रदेश भर में दंगा नियंत्रण अभ्यास कराया गया। सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह ने कहा कि पुलिस हर तरह के दंगे से निपटने के लिए पूर्ण रूप से तैयार है। नगर एवं क्षेत्र के लोग शांति व्यवस्था बनाए रखें किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान ना दें। अफवाह फैलाने वाले के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। समाजसेवी एडवोकेट नावेद जंग ने बोलते हुए कहा कि पाकिस्तान ने पहलगाम में जो कायरता दिखाई है वह किसी भी सूरत में माफ करने लायक नहीं है।

# जेडी ने किया डीआईओएस के नवीनतम कार्यालय का उद्घाटन



**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** संयुक्त शिक्षा निदेशक ओम प्रकाश मिश्रा ने जिला विद्यालय निरीक्षक के नवीनतम कार्यालय का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में जिला विद्यालय निरीक्षक हरिश्चंद्र नाथ, सबिहा मुमताज, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी, महेश राम, निशा यादव, राघवेंद्र द्विवेदी, हरिनंदन यादव, राम नारायण शुक्ला, गिरिजानन्द यादव, विनोद उपाध्याय, राजदेव तिवारी, लवकुश, दुर्गेश पांडेय, राजेश वर्मा, गुलाम अली सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# प्राचीन वन विहार में धूमधाम से चल रहा है जगद्गुरू निंबाकार्चार्य श्रीमन्मुकुंद देवाचार्य महाराज का द्वादश दिवसीय पाटोत्सव

**वेलकम इंडिया**



**वृन्दावन।** रमणरेती-परिक्रमा मार्ग स्थित प्राचीन वन विहार (आचार्य पीठ टोपी कुंज) में अनंतश्री विभूषित जगद्गुरू निंबाकार्चार्य श्रीमन्मुकुंद देवाचार्य सेवा समिति चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) के द्वारा आद्याचार्य अनंतश्री विभूषित जगद्गुरू निंबाकार्चार्य श्रीमन्मुकुंद देवाचार्य महाराज का द्वादश दिवसीय पाटोत्सव जगदगुरू निंबाकार्चार्य श्रीश्रीललिताशरण देवाचार्य महाराज के पावन सानिध्य में अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है ।जो कि 28 अप्रैल से प्रारंभ होकर 09 मई तक चलेगा ।जिसके अंतर्गत श्रीमद्भागवत महापुराण कथा, श्रीमहावाणी पाठ, त्रिदिवसीय समाज गायन आदि के आयोजन भी चल रहे हैं। वन विहार के अध्यक्ष श्रीश्रीललिताशरण देवाचार्य महाराज ने कहा कि वन विहार (आचार्य पीठ टोपी कुंज) निंबार्क संप्रदाय का प्रमुख केंद्र हैं ।जो कि अनेकों वर्षों से निंबार्क संप्रदाय के संवर्धन, संरक्षण एवं प्रचार-प्रसार में लगा हुआ है। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुवेर्दी ने कहा कि श्रीधाम वृन्दावन उत्सवों की भूमि है ।इस पावन भूमि के प्रत्येक कण-कण में श्रीराधा कृष्ण विद्यमान हैं ।इसीलिए यहां की भूमि अत्यंत पावन व पूज्य है ।इस भूमि पर केवल वही व्यक्ति आ सकता है,जिस पर श्रीराधाकृष्ण अपनी कृपा करते हैं ।उनकी कृपा के बिना यहां आना असम्भव है। भागवताचार्य रामनिवास शास्त्री ने कहा कि वृन्दावन धाम की महिमा स्वर्ग से भी अधिक है ।यहां पर रहने वाले ब्रजवासी व संत स्वर्ग जाने की आशा नहीं रखते ।उनके लिए श्रीधाम वृन्दावन ही स्वर्ग से श्रेष्ठ है ।इसीलिए सभी देवतागण इस ब्रजभूमि में बार बार लीला करने आते रहते हैं ।यहां पर ठाकुरजी का उत्सव मनाने से अन्य स्थानों की अपेक्षा शतगुणा अधिक फल प्राप्त होता है। पूज्य महाराजश्री की परम कृपापात्र शिष्या एडवोकेट स्वाति शुक्ला (मुम्बई) ने बताया कि महोत्सव के अंतर्गत 08 मई (मोहिनी एकादशी) को प्रातः 06 बजे से संतों के द्वारा श्रीयुगलनाम महामंत्र अखंड संकीर्तन किया जाएगा ।इसके अलावा 09 मई को प्रातः 08 बजे से संत, ब्रजवासी, वैष्णव सेवा एवं झरां भंडारा आदि के साथ महोत्सव का समापन होगा। इस अवसर पर भागवताचार्य महावीर शरण शास्त्री, डॉ. राजेश सूद, सतीश अग्रवाल, समाज मुखिया गोपाल शर्मा, ऋषिराज तिवारी, रामलखन बाबा, हरिदास बाबा, चरण दास, रवि शर्मा, नवल बाबा, राम नरेश भंडारी, संजीव शास्त्री, डॉ. राधाकांत शर्मा, श्याम सुंदर शर्मा, प्रेमदास मुखिया, गोपाल, मनमोहन शरण तिवारी, संत लाड़िली दास आदि की उपस्थिति विशेष रही।

# अरविन्द चित्तौड़िया उत्तर प्रदेश कैरम संघ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** गत प्रयागराज मै उत्तर प्रदेश कैरम संघ के प्रदेश कार्यकारणी चुनाव मैं ब्रजभूमि मथुरा के खेलसेवक डॉ अरविन्द कुमार चित्तौड़िया को प्रदेश कार्यकारिणी मैं सदस्य चुना गया।

चित्तौड़िया वर्तमान मै जिला कैरम संघ के सचिव भी है।

प्रदेश सदस्य निर्वाचित होने पर चित्तौड़िया ने कहा कैरम खेल मैं खिलाड़ियों के लिए अच्छा कॅरियर है। कैरम कई विभागों मै शामिल है। और साथ ही ये खेल, खेल मंत्रालय भारत सरकार से मान्यता प्राप्त है। प्रदेश सदस्य निर्वाचित होने पर जिला ओलिंपिक संघ के अध्यक्ष डॉ अनिल वाजपेयी, सचिव महेन्द्र राजपूत, हॉकी संघ सचिव, शैलेश मिश्रा, फुटबॉल संघ डॉ दलवीर सिंह, ललित मोहन शर्मा, सोनू ठाकुर, पूर्व सचिव ओलम्पिक संघ कन्हैया गुर्जर, जिला कैरम संघ के अध्यक्ष विनोद आर्य, कोषाध्यक्ष प्रेमपाल सिंह, रगबी फुटबॉल संघ अध्यक्ष पुनीत प्रजापति, अर्जुन सिंह, जयप्रकाश सिंह, जयसिंह, वाई पी सिंह, सुनील श्रीवास्तव, आदि खेल संघो व खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# छात्र छात्राओं को मार्कड्रिल कर युद्ध जैसे हालात में बचाव के तरीके बताए



**वेलकम इंडिया**

**सेमरियावा (संतकबीरनगर)** आदर्श जनता इंटर कॉलेज पचपेडवा में प्रधानाचार्य शैलेन्द्र शुक्ला के नेतृत में छात्र-छात्राओं को युद्ध जैसी आपात स्थिति में खुद को सुरक्षित करने एवं नागरिक सुरक्षा हेतु दिए गए शासन के निर्देशों का पालन करने के विकल्प बताए गए। श्री शुक्ला ने भारत ने आत्म सम्मान की रक्षा के लिए पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक किया है। भारतीय सेना ने अदम्य शौर्य का परिचय देते हुए आतंकियों के लांच पैड नष्ट कर दिए है। ऐसे में हमे सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने छात्र छात्राओं को बताया कि हमें अफवाहों से बचना होगा। आसपास के माहौल को पैनिक न होने दें। एयर अटैक के सायरन बजाने पर सुरक्षित स्थानों पर चले जाने की सलाह दी। युद्ध जैसे हालात में मॉक ड्रिल अभ्यास कराया गया और बचाव के उपाय बताए गए। घायलों के उपचार व प्राथमिक उपचार के भी तरीके बताए गए।

# छात्र छात्राओं को मार्कड्रिल कर युद्ध जैसे हालात में बचाव के तरीके बताए

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** ए.एच.एग्री.इंटर कालेज दुधारा में प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी के नेतृत में छात्र-छात्राओं को युद्ध जैसी आपात स्थिति में खुद को सुरक्षित करने एवं नागरिक सुरक्षा हेतु दिए गए शासन के निर्देशों का पालन करने के विकल्प बताए गए। श्री द्विवेदी ने भारत ने आत्म सम्मान की रक्षा के लिए पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक किया है। भारतीय सेना ने अदम्य शौर्य का परिचय देते हुए आतंकियों के लांच पैड नष्ट कर दिए है। ऐसे में हमे सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने छात्र छात्राओं को बताया कि हमें अफवाहों से बचना होगा। आसपास के माहौल को पैनिक न होने दें। एयर अटैक के सायरन बजाने पर सुरक्षित स्थानों पर चले जाने की सलाह दी। युद्ध जैसे हालात में मॉक ड्रिल अभ्यास कराया गया और बचाव के उपाय बताए गए। घायलों के उपचार व प्राथमिक उपचार के भी तरीके बताए गए। इस दौरान प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी, मुहम्मद इस्तियाक, मुहम्मद शाहिद, जुबैर अहमद, मुहम्मद युनुस, सबीह अहमद, रफी अहमद, जुनैद अहमद सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# बैंकॉक में 26 को अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक समरसता और सौहार्द का महोत्सव

**वेलकम इंडिया**




**नई दिल्ली।** 7 मई ।बैंकॉक पैलेस होटल में बुद्ध अंतर्राष्ट्रीय सम्मान समारोह एवं पीस एंड लैंग्वेज फेस्टिवलह्व का भव्य आयोजन 26 मई को किया जाएगा।

यह आयोजन धरा धाम इंटरनेशनल, देवनागरी उत्थान फाउंडेशन, यूनाइटेड गिल्ड फाउंडेशन यूके, एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकाड्र्स संस्थाओं द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है ।जिसमें कई देशों की नामचीन प्रबुद्ध शख्सियत शिरकत करेंगे। आयोजन में विभिन्न देशों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां,उत्कृष्ट प्रतिभाशाली महिलाओं की ताजपोशी, कवि सम्मेलन और अंतरराष्ट्रीय सौहार्द विषयक प्रस्तुतियाँ आकर्षण का केंद्र होंगी। कार्यक्रम में ह्लसौहार्द शिरोमणि संत डॉ. सौरभ पाण्डेय के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित प्रेरणास्पद पुस्तक का विमोचन भी किया जाएगा। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में डॉ.मोंरूडी सोमार्ट (थाईलैंड), महामहिम किंग डॉ. सुम्फंड रथापट्टाया (इंडोनेशिया), डॉ. परविंदर सिंह (अमेरिका), डॉ. चैतन्य प्रकाश योगी (भारतीय दूतावास, बैंकॉक), सुशील कुमार धनुका (थाईलैंड हिंदी परिषद), डॉ. इंद्रजीत शर्मा (अध्यक्ष, अंतर्राष्ट्रीय हिंदी समिति, अमेरिका) की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी ।कार्यक्रम के आयोजक धरा धाम इंटरनेशनल के प्रमुख डॉ. सौरभ पाण्डेय, डॉ. सुनील दुबे, डॉ.पूजा निगम, रत्नाकर त्रिपाठी, डॉ. प्रेम प्रकाश, डॉ. नारायण यादव ने बताया कि भारत की सांस्कृतिक समृद्धि, विश्व सौहार्द और महिला सशक्तिकरण का संदेश लेकर एक प्रेरणादायक अंतरराष्ट्रीय आयोजन होगा।

# डीएम-एसपी द्वारा नागरिक सुरक्षा को सायरन बजते हुए नागरिक सुरक्षा अभ्यास-पूर्वाभ्यास

**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**



**हाथरस।** भारत में 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए घातक आतंकवादी हमले के बाद बढ़ते तनाव के बीच, केंद्रीय गृह मंत्रालय के निदेर्शानुसार पूरे भारत में 244 जिलों में मॉक ड्रिल आयोजित की जानी है। इस हमले में 26 नागरिकों की जान चली गई थी और कई घायल हो गए थे। जिसके क्रम में जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा भारत सरकार की मंशानुरूप गृह मंत्रालय से प्राप्त निर्देशों के क्रम में नागरिक सुरक्षा तैयारियों को मजबूत करने हेतु रिजर्व पुलिस लाईन हाथरस के परेड ग्राउन्ड में पुलिस और स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर सायरन बजाते हुए नागरिक सुरक्षा अभ्यास/पूर्वाभ्यास कराई गई। इस दौरान एडीएम डॉ. बसंत अग्रवाल, एडीएम न्यायिक शिव नारायण शर्मा, एएसपी अशोक कुमार सिंह, सीओ फायर राजकुमार बाजपेयी, समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी आदि पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारीगण तथा सिविल डिफेंस-आमजन उपस्थित रहे। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित लोगों को बताया गया कि मॉक ड्रिल एक तरह का अभ्यास अभियान है जिससे संभावित आपात स्थितियों या गंभीर परिस्थितियों के दौरान नागरिकों और छात्रों को बुनियादी आत्म-सुरक्षा का प्रशिक्षण देना, दुर्घटना के समय ब्लैकआउट उपायों की जांच करना, प्रमुख बुनियादी ढांचे को छिपाना, तथा निकासी योजनाओं की समीक्षा और पूर्वाभ्यास करना आदि शामिल है तथा मॉक ड्रिल के दौरान अपनाए जाने वाले तरीकों और सुरक्षा मानकों की विस्तार से जानकारी दी गई। तत्पश्चात साइरन बजाकर मॉक ड्रिल का अभ्यास कराया गया। मॉक ड्रिल एक अभ्यास के रूप में आयोजित की जाती है, ताकि लोगों, संगठनों और अधिकारियों को वास्तविक जीवन में आपातकालीन स्थितियों जैसे आग, भूकंप, चिकित्सा आपात स्थिति या आतंकवादी हमलों से अपने आप को सुरक्षित रखने हेतु तैयार किया जा सके।

इस दौरान सायरन बजाया गया तथा लोगों को कैसे सुरक्षित स्थान पर जाना है, कैसे घायलों को अस्पताल पर पहुंचाना है, आदि के बारे में पूर्वाभ्यास कराया गया।

# छात्र/छात्राओं व आमजनमानस को जागरूक कर कराया गया मॉक ड्रिल का अभ्यास

**वेलकम इंडिया**



बुलंदशहर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने नागरिक सुरक्षा (सिविल डिफेंस) के द्वारा देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को आज दिनांक 07-05-2025 को मॉक ड्रिल आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में बुलंदशहर पुलिस द्वारा जनपद के लोगों को आपात स्थिति में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्कूल-कॉलेज, फैक्ट्रियों व गांव-गांव में जाकर लोगो को जागरूक किया जा रहा हैं। मॉक ड्रिल के दौरान सिविल डिफेंस सिस्टम और नागरिक समाज की प्रतिक्रिया, हवाई हमले की चेतावनी, रेडियो कम्युनिकेशन, कंट्रोल रूम्स की तत्परता, क्रैश ब्लैकआउट की व्यवस्था, अहम प्लांट्स की सुरक्षा, फायर ब्रिगेड और रेस्क्यू सर्विस की कार्यप्रणाली 'ड्रॉप एंड कवर' तकनीक (झुककर छिप जाओ और कान बंद कर लो), नजदीकी शेल्टर का पता लगाना, प्राथमिक चिकित्सा देना और तनाव के समय शांत रहने के बारे में छात्र/छात्राओं व आमजनमानस को ट्रेनिंग दी जा रही हैं। इसके अतिरिक्त शाम के समय 7.00 बजे से 7.30 बजे तक ब्लैक आउट किया जायेगा। ब्लैक आउट के दौरान सभी लाइटे बिजली के उपकरण तुरन्त बन्द कर दे तथा मोबाइल टार्च, माचिस आदि के प्रयोग न करे, वाहन चला रहे है तो तुरन्त किनारे लगाकर बन्द कर दे हेडलाइट व इंडिकेटर बन्द रखे, खिडकियों व दरवाजो के परदे बंद करे ताकि रोशनी बाहर न आ सके। जरुरी सामान जैसे दवाईया, टार्च आदि अपने पास पहले से ही तैयार रखे।

# संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य वक़्फ़ को लेकर अल्पसंख्यक समुदाय के प्रबुद्ध वर्ग को जागरूक करना है: डॉ मंजू शिवाच

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** वक़्फ़ सुधार जनजागरण अभियान 2025 के तहत ग्राम ईसापुर, मोदीनगर में ₹अल्पसंख्यक प्रबुद्ध वर्ग संवाद₹ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि के रूप में जमालुद्दीन अल्वी, प्रदेश उपाध्यक्ष, अल्पसंख्यक मोर्चा एवं जनजागरण अभियान के क्षेत्रीय सहसंयोजक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपने विचार रखे और समुदाय को आश्वस्त किया कि सरकार वक़्फ़ संपत्तियों के सदुपयोग हेतु प्रतिबद्ध है। विधायक डॉ मंजू सिवाच ने कहा कि वक़्फ़ सुधार जनजागरण अभियान 2025₹ के अंतर्गत 'अल्पसंख्यक प्रबुद्ध वर्ग संवाद' कार्यक्रम का उद्देश्य वक़्फ़ को लेकर अल्पसंख्यक समुदाय के प्रबुद्ध वर्ग को जागरूक करना तथा उनके सुझावों को शामिल करना रहा है।कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद एवं अल्पसंख्यक समुदाय के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उन्होंने अपने विचार साझा किए तथा वक़्फ़ सुधार से जुड़े सुझाव प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉक्टर देवेंद्र सिवाच, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश सिंघल,पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली जाटव, ब्लॉक प्रमुख श्रीमती सुचेता सिंह आदि लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किये ।

# लांयस क्लब मोदीनगर राईजिंग स्टार ने किया छात्राओं को पुरस्कृत

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** लांयस क्लब मोदीनगर राईजिंग स्टार ने पी बी ए एस कन्या विद्यालय की हिन्दी लेखन प्रतियोगिता की विजयी छात्राओं को शील्ड देकर पुरस्कृत किया। गत हिन्दी दिवस पर क्लब द्वारा विद्यालय मे एक निंबध प्रतियोगिता दो चरणों में करायी गयी थी।प्रथम चरण मे कक्षा सात से कक्षा नौ तक की छात्राओं को लिया गया था जिनका विषय था ₹₹हिन्दी एक सरल सहज भाषा₹₹ इसमे क्लब द्वारा दयावती मोदी पब्लिक स्कूल की पूर्व अध्यापिका सीमा गर्ग मैम को निर्णायक महोदया बनाया गया वही दूसरे चरण मे कक्षा दस से कक्षा बारह तक की छात्राओं को लिया गया उनका विषय ₹₹राष्ट्रीय एकता मे हिन्दी का महत्व₹₹ दिया गया। द्वितीय चरण की निरिक्षिका के रूप मे प्रो. वन्दना शर्मा (हिन्दी विभागाध्यक्ष) को लिया गया था। क्लब अध्यक्ष लायन वर्षा गुप्ता व सचिव लायन एकता अग्रवाल व प्रधानाचार्या डा. संगीता शर्मा द्वारा कार्यक्रम का आरम्भ निर्णायक सीमा गर्ग को पटका पहनाकर तथा उपहार उन्हे भेट स्वरुप दिया गया।विद्यालय द्वारा निर्णायक महोदया तथा क्लब अध्यक्ष लायन वर्षा गुप्ता व सचिव लायन एकता अग्रवाल को भेट स्वरुप पौधा दिया गया। निर्णायक महोदया द्वारा छात्राओं को कुछ सूक्ष्म टिप्स दिये तदापुरान्त पुरस्कार वितरण किया गया। प्रथम- चंचल सैनी, द्वितीय -ईशा सैफी, तृतीय - पीहू शर्मा, सांत्वना पुरस्कार विजेता- अंजलि और ईमरन रही।

# रूट्स इंटरनेशनल स्कूल बिजनौर में मॉक ड्रिल की गई



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**बिजनौर :** पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान से तनाव के बीच सुरक्षा के लिए सरकार के निर्देश पर रूट्स इंटरनेशनल स्कूल बिजनौर में प्रधानाचार्य के निर्देशन में सीनियर विंग के विद्यार्थियों द्वारा एक मॉक ड्रिल आयोजित की गईं

रूट्स इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य दिनेश त्यागी ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों, शिक्षिकाओं, चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी एवं वाहन चालकों को युद्ध के समय पर विशेष रूप से हवाई हमले में अपने आप को कैसे सुरक्षित रखें इस पर विस्तार से चर्चा की प्रधानाचार्य ने हवाई हमले के समय सायरन बजाने पर एवं ब्लैक आउट की स्थिति में बचाव के संदर्भ में जानकारी दी उन्होंने बताया कि सायरन और ब्लैक आउट के समय घरों में रहे ग्राउंड फ्लोर पर रहें घर के बाहर होने की स्थिति में उस समय वाहन न चलाएँ, वाहन से दूर हो, अपने बचाव के लिए पेट के बल लेटकर सिर को छिपाये विद्यार्थियों ने मॉक- ड्रिल प्रदर्शन में पूरी उत्सुकता से भाग लिया तथा अपने समाज, गाँव व परिवार को यह जानकारी साझा करने का संकल्प भी लियो।

# हर प्रकार की आपदा प्रबंधन के लिये संरचित है विवेक अस्पतालः अमित गोयल

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**बिजनौर :** सरकार के आदेशानुसार जिला प्रशासन एवं अस्पताल प्रबंधन द्वारा किसी भी प्रकार की आपदा से निपटने के लिये मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया, इस ड्रिल में जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, फायर ब्रिगेड और विवेक ग्रुप के स्वास्थ्य विभाग ने हिस्सा लिया।

विवेक अस्पताल के असेंबली एरिया मे ₹कोड रैड/ कोड यैलो₹ के तहत इस आपदा प्रबंधन ड्रिल का आयोजन किया गया।ड्रिल में आग लगने की काल्पनिक स्थिति बनाई गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने आधुनिक उपकरणों से आग बुझाने का प्रदर्शन किया।पुलिस ने क्षेत्र की घेराबंदी कर भीड़ को नियंत्रित किया। मेडिकल टीम ने घायलों की प्राथमिक चिकित्सा की। मॉक ड्रिल देखने के लिये विवेक विश्वविद्यालय के विद्यार्थी भी उपस्थित रहे।ड्रिल देखने आये विद्यार्थियों एवं मरीजो के तीमरादारो को भी आपात स्थिति में सतर्कता बरतने व स्वयं तथा दूसरो की जान बचाने के लिए जागरूक किया गया। विवेक ग्रुप के अध्यक्ष अमित गोयल ने बताया कि विवेक अस्पताल मे आपदा प्रबंधन के लिये पहले से ही एक सुव्यवस्थित प्रणाली विकसित है, जिसमे आग लगने, भूकंप आने, इमारत के ढह जाने, आदि अनेक प्रकार की प्राकृतिक व मनुष्य निर्मित आपदाओ से आसानी से निपटा जा सकता है।विवेक अस्पताल के जनरल मैनेजर रोहन पाराशर ने अस्पाल आपदा प्रबंधन के अर्न्तगत आने वाले सभी पहलू एवं मापदंडो के बारे स्टाफ, विद्यार्थियों एवं तीमारदारो को अवगत कराया।

# भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में की गई एयर स्ट्राइक पर खुशी जाहिर की




वेलकम इंडिया

मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)। पहलगांव में आतंकवादियों द्वारा धर्म पूछकर जो निर्ममता के साथ लोगों की हत्या की गई थी, उसके प्रतिशोध में भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में जो एयर स्ट्राइक की है, उससे पूरे हिन्दुस्तान में खुशी है। पश्चिम उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के मेरठ मंडल अध्यक्ष प्रदीप बोस ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो कहा वो करा और करारा जवाब दिया। इस खुशी में लड्डू बांटे गए। इस मौके पर राजेश चौधरी, शशिकांत शर्मा, अमित गर्ग, मनीष त्यागी, छोटे लाल, अभिषेक, पुरुषोत्तम वर्मा,सुन्दर शर्मा प्रमोद तनुजा आदि रहे।

# मोदीनगर में संगीत उत्सव का 18 मई को आयोजन

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** मोदीनगर में आगामी 18 मई बिखरेंगें संगीत के रंग तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। संगीत प्रेमियों व संगीत सीखने के लिए एक अच्छी खबर है कि उत्सव लेकर आ रहे ओके लाइव सिंगिंग का चौथा स्टेज शो मोदीनगर के सी एम डी हॉल में आगामी रविवार 18 मई को आयोजित होगा। जिसमें देश के कोने–कोने से सुरीली आवाजों के सुरों को बिखेरने के लिए अनेक गायक एक मंच पर इक्कठा हो रहें हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आचार्य तोमर जिनके पास संगीत क्षेत्र में संगीत सिखाते हुए 65 वर्षों से भी अधिक अनुभव की धरोहर है।उत्सव के आयोजक अंजू, रिंकी, हरेन्द्र चौधरी, व नरेन्द्र ने बताया कि आयोजन का संचालन श्रुति करेंगी। रेशमा? डॉ रागिनी ?भारती हेमा पंत ?संदीप जैन ज्योति? ?पवन शर्मा ?अमरजीत ?मानवेन्द्र त्यागी ?रोशनी प्रेमचंद सैनी? सहित दर्जनों कलाकार हिस्सा लेंगे।

# आर के जी ग्लोबल स्कूल में मॉकड्रिल आयोजित



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद ( अनिल वशिष्ठ )।** आर के जी ग्लोबल स्कूल गाजियाबाद में ग्रह मंत्रालय के निर्देश पर मॉक ड्रिल आयोजित की गई, जिसमें छात्रों को युद्ध जैसी परिस्थितियों से निपटने का प्रशिक्षण दिया गया. ऑपरेशन सिंदूर के बाद देशभर में हाई अलर्ट है. इस दौरान छात्रों व स्टाफ को आपात स्थिति में संयम, छिपने और बाहर निकलने के तरीके सिखाए गए। इस मौके पर कॉलेज के डायरेक्टर डॉ सत्येन्द्र कुमार, प्रिंसिपल शिल्पा टी श्री, समस्त अध्यापिकाएं व स्टाफ मौजूद रहे।

# महाराणा प्रताप की भव्य जयंती मनाने के किया जनसंपर्क

बुलंदशहर महाराणा प्रताप जयंती समारोह को भव्य बनाने के लिए क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों में महासभा के लोगों ने जनसंपर्क कर टिटोटा में बैठक की बुधवार को क्षत्रिय महासभा के लोगों द्वारा जहांगीराबाद क्षेत्र के गांव मरगपुर ककरई अंधियार टिटोटा में जनसंपर्क कर भूपेंद्र सिंह राघव के आवास पर बैठक की,बैठक में आगामी 9 मई को होने वाले महाराणा प्रताप जयंती समारोह जिसमें सौभाग्य बाटिका अनूप शहर में 11 :00 से 3 :00 तक विचार गोष्ठी व 3 :00 से लेकर 7 :30 बजे तक अनूपशहर में महाराणा प्रताप जी के जीवन से जुड़ी झांकियां के साथ भव्य शोभा यात्रा को सफल बनाने के लिए मंडल अध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने उपस्थित लोगों से महापुरुषों के गौरवशाली इतिहास से प्रेरणा लेकर महाराणा प्रताप जी के त्याग तपस्या बलिदान को आत्मसात करते हुए 9 मई महाराणा प्रताप जयंती समारोह भव्य बनाने के साथ राष्ट्र सेवा में जुड़ने का आह्वान किया जनसंपर्क व बैठक में बृजेश सिंह राघव नरेश बबलू चौहान बबल सिंह राघव दुष्यंत चौहान मुकेश चौहान मोहित राघव सुरेंद्र राघव मयंक राघव अजय चौहान चंद्रवीर सिंह चौहान आदि लोग सम्मिलित रहे।

# अदम्य साहस और अतुलनीय पराक्रम के लिए भारतीय सैनिकों को किया हृदय से सैल्यूट

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** भारतीय सेना द्वारा पहलगाम का बदला लिए जाने पर क्षेत्र के लोगों ने भारतीय सेना के अदम्य साहस और अतुलनीय पराक्रम के लिए भारतीय सैनिकों को हृदय से सैल्यूट करते हुए कहा कि सेना ने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम तक पहुंचाया वह सराहनीय है।भाजपा विधायक डॉक्टर मंजू शिवाच, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश सिंघल,किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष नीरज त्यागी, पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली जाटव, भाजपा वरिष्ठ नेता स्वदेश जैन, पूर्व सांसद प्रतिनिधि विनोद गोस्वामी आदि ने कहा कि भारतीय सेना पर देश को गर्व है। ऑपरेशन सिंदूर भारत की सेना के शौर्य पराक्रम और भारत के नेतृत्व की मजबूती का परिचायक है। सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के द्वारा पहलगाम हमले का बदला ले लिया गया है। भारतीय सेना के अदम्य साहस और अतुलनीय पराक्रम के लिए सभी भारतीय सैनिकों को हृदय से सैल्यूट करते हैं। सेनाओं द्वारा पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर किए गए लक्षित हमलों का स्वागत करते है। पाकिस्तान को ऐसी सख्त सीख दी जानी चाहिए कि फिर कभी दूसरा पहलगाम न हो। पाकिस्तान के आतंकी जगहों को पूरी तरह खत्म कर देना चाहिए।

# देश हित में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को मॉक ड्रिल के विषय में दी जानकारी




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** पूर्व सैनिक संघ मोदीनगर में देश हित में छाया पब्लिक स्कूल में जाकर युद्ध से बचाव के लिए विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को मॉक ड्रिल के विषय में जानकारी दी एवं मॉक ड्रिल का अभ्यास भी कराया।पूर्व सैनिक संघ के बृजभूषण अग्रवाल ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को 22 अप्रैल पहलगाम की घटना की जानकारी दी तथा कहा कि आतंकवादियों से सैनिक पत्नी ने पूछा कि मुझे भी मार डालो मुझे क्यों छोड़ा है, तो आतंकवादियों ने कहा कि मोदी को जाकर बता देना आज मोदी ने सुहाग का सिंदूर छीनने वालों को सिंदूर ऑपरेशन चलाकर पाकिस्तान के 09 शहरों में 21 आतंकवादियों के अड्डों को 25 मिनट तबाह करके उनका नामोनिशान मिटा दिया और सुहागिनों के सिंदूर का बदला लिया। यही हमारी सेना की ताकत है जिस पर हमें गर्व है।इस अवसर पर छाया पब्लिक स्कूल के चेयरमैन अखिलेश चन्द दिवेदी , प्रधानाचार्य अरुण त्यागी एवं पूर्व सैनिक बृजभूषण अग्रवाल धीरेंद्र शर्मा राकेश तोमर जिले सिंह चंद्रपाल बृजपाल सिंह देवेंद्र जोशी वीरेंद्र करणपाल एवं राजकुमार तलवार उपस्थित रहे ।

# भारतीय सेना के सूरवीरो के पराक्रम के लिए किया यज्ञ : डॉ गौतम लम्बरदार

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**बिजनौर :** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा नरेश चौधरी ने डॉ गौतम सिंह लम्बरदार के प्रतिष्ठान पर प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि अब यातनाओं का समय समाप्त हो चुका है अब वक्त है ऐसे निर्णायक प्रतिकार का जिससे न आतंक रहे, न अलगाव रहे। देश के किसान का बच्चा-बच्चा नेतृत्व और सेना के साथ खड़ा है।

डॉ० गौतम सिंह लम्बरदार के प्रतिष्ठान पर भारतीय सेना के सूरवीरो के पराक्रम के लिए यज्ञ किया गया। पहलगाम आतंकी हमले के बाद बीते 14 दिनों से भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के बैनर तले गांव-गांव में होने वाली जन चौपाल में किसानों के मुद्दे गौण हो गए और आतंकी हमले में बहन-बेटियों के सिंदूर उजाड़ने की घटना और उसका बदला लिया जाना दिलो-दिमाग पर तारी हो गया। इसी सिलसिले में भारतीय सेना द्वारा आपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में आतंकी अड्डे ध्वस्त करने की लक्षित कार्रवाई के बाद मुरादाबाद मंडल के प्रत्येक जिले में हवन-यज्ञ आदि द्वारा सीमा पर तैनात सेना के जवानों की सलामती के लिए दुआ प्रार्थना की गईं। इस अवसर पर भाकियू संयुक्त मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि देश चाहता है कि आतंकवादियों के आकाओं को सबक सिखाया जाए और आतंक के ढांचे को पूरी तरह नष्ट कर देना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि भारत की एकता पर पहलगाम आतंकी हमले के 14 दिन बाद पाकिस्तान में लक्षित आतंकी ठिकानों पर सेना ने गजब प्रहार किया है। हमें अपने वीर जवानों और भारतीय सेना पर गर्व है। भाकियू नेता ने कहा कि पाकिस्तान में भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' की कामयाबी पर भारतीय खुशी जता रहे हैं। उनका कहना है कि पहलगाम हमले के बाद से ही लोगों में बहुत रोष था और वो इसका जवाब चाहते थे। हमारे सुरक्षा बलों ने वही किया जैसा देश चाहता था। नरेश चौधरी ने कहा कि युद्ध विडियो गेम नहीं है जो सब एकतरफा होगा। युद्ध लंबा खिंच सकता है परन्तु अंतिम लक्ष्य कोध्यान में रखते हुए देश अपनी फौज और लीडरशिप के साथ है। किसान एकमत हैं कि जवाब दीजिए अगर युद्ध में देश को आपातकालीन स्थिति में सैनिकों की जरूरत पड़ी तो उसके लिए किसान तैयार हैं। तर्क कुतर्क, पक्ष-विपक्ष की बहस से दूर रहते हुए किसान भारतीय सेना के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। देशवासियों को युद्ध करने का शौक नहीं है। लेकिन जब शांति का प्रत्युत्तर धोखेबाजी से दिया जाए, और हमारे संयम को दुर्बलता समझा जाए, तब न्याय को दंड का स्वरूप धारण करना अनिवार्य हो जाता है।अब याचनाओं का समय समाप्त हो चुका है।अब समय है निर्णायक प्रतिकार का।जो हमारे नेतृत्व और सुरक्षा बलों ने कर दिखाया है। यह ऐसा मजबूत संदेश है जो भारत की एकता और दृढ़ता को दशार्ता है। डॉ० गौतम सिंह लम्बरदार ने कहा है कि अगर आतंकवाद को जड से मिटाने के लिए हमे भी इस लडाई मे भारतीय सेना के साथ कंधे से कंधा मिलाकर लडने की जरूरत पडी तो हम उसके के लिए भी तैयार है।

# भारतीय सेना के जाबांजों ने पाकिस्तान को उसकी औकात दिखा दी !

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद:** आरडीसी अखिल भारतीय हिंदू महासभा व विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा ने भारत द्वारा पाकिस्तान पर की गई एयर स्ट्राइक का जश्न आरडीसी राजनगर में मनाया। भारत माता की जय व भारतीय सेना के जाबाजं वीर सपूतों की जयकारों से पूरा आरडीसी गूंज उठा। वहां मौजूद प्रत्येक देशवासी में देशभक्ति का ज्वार उठ रहा था और भारत द्वारा पाकिस्तान से लिए गए बदले पर गर्व महसूस कर रहा था। विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूषित बी के शर्मा हनुमान ने कहा कि 22 अप्रैल को कायर पाकिस्तान के इशारे पर आतंकियों ने पहलगाम में देश के 27 सपूतों की हत्या कर दी थी। उसी दिन से प्रत्येक देशवासी का खून पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए खौल रहा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से वादा किया था कि भारत माता के जिन 27 सपूतों की हत्या की गई है, उसका बदला पाकिस्तान से अवश्य लिया जाएगा। इसके लिए उन्होंने सेना को पाकिस्तान से बदला लेने की खुली छूट भी दे दी थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने इस वादे को पूरा किया और ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने रात्रि 1.30 बजे पहलगाम का बदला लेने के लिए पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक कर जहां आतंकियों के ठिकाने ध्वस्त कर दिए, वहीं सैकडों आतंकियों को जहन्नुम पहुंचा दिया। इस एयर स्ट्राइक से आंतकियों व उसके आका पाकिस्तान को सिंदूर की कीमत का अदांजा भी हो गया होगा। आंतकियों ने पहलगाम में जिनके सिंदूर को उजाडा था, आज सैकडों आतंकियों के मारे जाने के बाद उनके दिल को भी तसल्ली हुई होगी। अभी तो यह सिर्फ ट्रेलर है, अभी पिक्चर आनी तो बाकी है। जिस दिन यह पिक्चर आएगी उस दिन आतंकी ही नहीं उनके आका पाकिस्तान भी मिटटी में मिल जाएगा। भारतीय सेना के जाबांज व शूरवीर सैनिकों ने पाकिस्तान पर ना सिर्फ एयर स्ट्राइक की बल्कि पाकिस्तान को उसकी हवा तक ना लगने दी और अपना टारगेट पूरा सुरक्षित करके भी आ गए। उन्होंने पाकिस्तान को दिखा दिया है कि पूरा पाकिस्तान उनकी गिरफत में हैं, वे जिस दिन चाहेंगे उस दिन पाकिस्तान के मुंह में हाथ डालकर उसका हल्क तक बाहर निकाल देंगे। बी के शर्मा हनुमान ने कहा कि भारतीय सेना का तो विश्व में कोई मुकाबला कर ही नहीं सकता है। पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए तो देश-देश का बच्चा-बच्चा भी पूरी तरह से तैयार है। इस अवसर पर परमार्थ सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष वीके अग्रवाल, डॉक्टर लोकेश कौशिक डीआर देवेंद्र कुमार शर्मा आरसी शर्मा अमरजीत सिंह संजू शर्मा दीपक चौधरी ऋषिपाल चौधरी विनीत कुमार शर्मा श्री चंद चौहान विनोद कुमार शैली सेठी एसके सिकदर मिलन मंडल राकेश शर्मा आचार्य ब्रिजेश दत्त गोड मनोज शर्मा जय किशन रंजीत पोद्दार ललित शर्मा आलोक त्यागी विवेक त्यागी हरिओम शर्मा आदि सैकड़ो की संख्या में मौजूद थे







# ब्लैक आउट हेतु जागरूकता कार्यकम आयोजित हुआ



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** लेण्ड काफ्ट सोसायटी, एन0एच0-24 गाजियाबाद पर सायं 08-00 बजे ब्लैक आउट हेतु जागरूकता कार्यकम प्रस्तावित किया गया है, जिसमें जिलाधिकारी महोदय, समस्त अधिकारीगण एवं एजेंसियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। उक्त के अतिरिक्त ब्लैक आउट सेवियर पार्क कटोरी मिल मोहन नगर, वी०वी०आई०पी० सोसायटी राजनगर एक्सटेंशन व एपैक्स द फ्लोरस सोसायटी सै0-18 वसुन्धरा गाजियाबाद में प्रस्तावित किया गया है। जिसमें नागरिकों के बचाव सम्बन्धी आपातकालीन विधियों का अभ्यास / प्रदर्शन किया जायेगा।

## दुकान में घुसकर दुकानदार को फरसा मारकर किया घायल

**गाजियाबाद।** नगर की कृष्णाकुंज कॉलोनी में दबंगों ने दुकान में घुसकर दुकानदार को फरसा मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। कृष्णा कुंज कॉलोनी के रहने वाले अभिषेक का आरोप है कि रविवार शाम को वह अपनी दुकान के अंदर बैठे थे।

इसी बीच तीन युवक आए और अचानक फरसे से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। एसीपी ने बताया कि तहरीर के आधार पर शिवा, राहुल त्यागी, तनिष निवासी कृष्णाकुंज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। इसके अलावा भूपेन्द्रपुरी कॉलोनी निवासी हर्ष को मारपीट कर घायल कर दिया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादो का निस्तारण करना हो एकमात्र लक्ष्यः मा0 जनपद न्यायाधीश आशीष गर्ग

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद के तत्वाधान में श्री आशीष गर्ग मा0 जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद के निर्देशन में जनपद न्यायालय गाजियाबाद के सभागार में राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में बैठक आहूत की गई। माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद श्री आशीष गर्ग द्वारा बैठक में प्रतिभाग करने वाले अधिकारियों को दिनांक 10-05-2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु दिशानिर्देश जारी किये गये। माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद द्वारा बैठक में प्रतिभाग करने वाले समस्त प्रशासनिक अधिकारीगण को निर्देशित किया गया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु अधिक से अधिक वादों के निस्तारण हेतु आवश्यक कार्यवाही करें। दिनांक 10-05-2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार–प्रसार हेतु जिला सूचना अधिकारी गाजियाबाद को निर्देशित किया गया कि वह इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, प्रिंट मीडिया इत्यादि साधनों से दिनांक 10-05-2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में अधिक से अधिक लोगो तक जानकारी पहुंचाना सुनिश्चित करें जिससे कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण किया जा सके। राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादो का निस्तारण करना एकमात्र लक्ष्य हो। बैठक में न्यायिक अधिकारियों के रूप में एडीजे प्रथम श्री अनिल कुमार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नजारत प्रभारी श्री नीरज गौतम, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री गौरव शर्मा, सचिव डीएलएसए/एडीजे श्री कुमार मिताक्षर, सीजेएम श्री ऐश्वर्य प्रताप सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री जसवीर सिंह यादव तथा प्रशासनिक अधिकारियों के रूप में अपर जिलाधिकारी गाजियाबाद, एडीसीपी ट्रैफिक पुलिस, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, उप श्रमायुक्त, समाज कल्याण अधिकारी, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, जीडीए, नगर निगम, बीएसएनएल, विद्युत विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।



# भाजपा के प्रमुख नेताओं द्वारा भारतीय सेनाओं की सर्जिकल स्ट्राइक पर दी गई प्रतिक्रियाएं...


















1. मयंक गोयल (भाजपा महानगर अध्यक्ष): हमारी सेनाओं ने पराक्रम का ऐसा प्रदर्शन किया है जिस पर हर भारतीय गर्व कर सकता है। प्रधानमंत्री मोदी की दृढ़ इच्छाशक्ति ने आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब दिया है।

2. अतुल गर्ग (सांसद): देश की रक्षा के लिए की गई यह सर्जिकल स्ट्राइक हमारी सेना की कुशलता और सरकार की निर्णायक सोच का प्रमाण है। यह एक ऐतिहासिक कदम है।

3. सुनील शर्मा (कैबिनेट मंत्री): प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने आतंकवाद के खिलाफ नई नीति अपनाई है–'घुस कर मारो'। सेना को इसका श्रेय जाता है और हम उनके साहस को सलाम करते हैं।

4. नरेंद्र कश्यप (राज्यमंत्री): सर्जिकल स्ट्राइक ने साबित कर दिया कि भारत अब चुप नहीं बैठेगा। हम अपने जवानों की वीरता और प्रधानमंत्री की नीति के प्रति आभारी हैं।

5. संजीव शर्मा (विधायक): यह कार्रवाई न केवल दुश्मन को सबक सिखाने वाली है, बल्कि युवाओं में देशभक्ति की भावना को भी बल देती है। जय हिंद!

6. अजीत पाल त्यागी (विधायक): हमारी सेना ने देश को गौरवान्वित किया है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में अब देश आतंकवाद के विरुद्ध ठोस कार्रवाई करता है, प्रतीक्षा नहीं।

7. दिनेश गोयल (एमएलसी): सर्जिकल स्ट्राइक हमारे संकल्प की घोषणा है–हम न आतंकवाद को सहेंगे और न सहने देंगे। देश की सुरक्षा सर्वोपरि है।

8. सुनीता दयाल (महापौर): हमारी सेना के साहस और प्रधानमंत्री जी की दूरदर्शिता ने देशवासियों को गौरव का अवसर दिया है। यह नया भारत है।

9. आशु वर्मा (पूर्व महापौर): सेना की वीरता और सरकार की नीति ने एक नया संदेश दिया है– भारत अब किसी भी चुनौती का जवाब देने में सक्षम है।

10. आशा शर्मा (पूर्व महापौर): यह कार्रवाई हमारी सेना की ताकत और सरकार की संकल्पशक्ति का प्रतीक है। हम इन दोनों का अभिनंदन करते हैं।

11. रमेश चंद तोमर (पूर्व सांसद): भारत ने दुनिया को दिखा दिया कि हम अब केवल रक्षा नहीं, आक्रामक सुरक्षा की नीति अपनाते हैं। यह नया युग है।

12. अनिल अग्रवाल (पूर्व राज्यसभा सांसद): सेना की इस कार्यवाही ने दुश्मनों को स्पष्ट संकेत दे दिया है कि भारत की चुप्पी कमजोरी नहीं, रणनीति होती है।

13. प्रदीप चौधरी (मीडिया प्रभारी): यह सर्जिकल स्ट्राइक भारत की आंतरिक शक्ति और राजनीतिक इच्छाशक्ति का स्पष्ट प्रमाण है। मीडिया के माध्यम से हम इस संदेश को जन-जन तक पहुँचाएँगे।

14. मंजू सिवाच (विधायक):

सर्जिकल स्ट्राइक ने देश को गौरव का अनुभव कराया है। हमारी सेना की वीरता और प्रधानमंत्री मोदी जी की स्पष्ट नीति ने यह सिद्ध किया है कि भारत अब आतंकी ठिकानों को उनके घर में जाकर नष्ट करने का साहस रखता है।

15. धर्मेश तोमर (विधायक):

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश ने आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कदम उठाया है। हमारी सेना के पराक्रम और संकल्प ने दुश्मन को स्पष्ट संदेश दिया है कि भारत अब सहन नहीं करेगा।

16. नन्द किशोर गुर्जर (विधायक):

सेना की यह कार्रवाई केवल जवाब नहीं, एक चेतावनी है। प्रधानमंत्री जी की नीति और सेना की बहादुरी ने आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने की दिशा में बड़ा कदम बढ़ाया है। हम सब इसका समर्थन करते हैं।

# सिख समाज की ओर से सैनिकों को नमन: इंद्रजीत सिंह टीटू

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ सरदार इंद्रजीत सिंह टीटू ने देश की सुरक्षा को लेकर केंद्र सरकार और भारतीय सेना की कार्रवाई की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी कैबिनेट के प्रति आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि हाल ही में आतंकवादियों द्वारा किए गए कायरतापूर्ण हमले के जवाब में भारतीय सेना ने जिस तरह से आतंकियों के ठिकानों को ध्वस्त किया है, वह काबिले-तारीफ है और देश को गौरवान्वित करने वाला है। टीटू ने कहा कि मैं भारत के कोने-कोने में बैठे सिख समाज की ओर से केंद्र की एनडीए सरकार और विशेष रूप से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का आभार प्रकट करता हूं। सरकार और सेना ने जो तालमेल दिखाया और जिस सूझबूझ से कार्रवाई की, वह इस बात का प्रमाण है कि भारत अब किसी भी आतंकवादी हमले को सहन नहीं करेगा।



# गाजियाबाद के 11 स्कूलों में मॉक ड्रिल का आयोजन छात्रों को सिखाए गए आपदा प्रबंधन के उपाय

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नागरिक सुरक्षा और उत्तर प्रदेश प्रशासन के संयुक्त प्रयास से गाजियाबाद के 11 स्कूलों में व्यापक स्तर पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य छात्रों और नागरिकों को आपातकालीन स्थिति में सुरक्षा और बचाव के प्रभावी तरीकों से अवगत कराना था। इस अभियान के अंतर्गत सेठ मुकुंद लाल इंटर कॉलेज में आयोजित मॉक ड्रिल में एनसीसी, सिविल डिफेंस, स्काउट्स एवं प्रशासनिक अधिकारियों के संयुक्त सहयोग से करीब 1100 छात्रों को आपदा प्रबंधन के व्यावहारिक उपायों का डेमो कराते हुए प्रशिक्षण दिया गया। छात्रों को बताया गया कि हवाई हमले या भूकंप जैसी आपात स्थिति में सबसे पहले हेड डाउन पोजिशन अपनानी चाहिए – यानी उल्टा लेटना, कान, नाक, और आंखों को उंगलियों से ढकना, जिससे बाहरी प्रभाव से सुरक्षा मिल सके। इस दौरान सेफ्टी प्रोटोकॉल्स को विस्तार से समझाया गया। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य श्री के.बी. सिंह, सिविल डिफेंस अधिकारी श्री सुशील कुमार, एनसीसी के श्री उदय कुमार, तथा विद्यालय के पूर्व छात्र एवं भाजपा मीडिया प्रभारी श्री प्रदीप चौधरी ने भी भाग लिया और छात्रों को आपदा प्रबंधन के व्यावहारिक बिंदुओं से परिचित कराया। अभ्यास के दौरान नागरिकों को बताया गया कि हवाई हमले की स्थिति में किसी भी मेज के नीचे शरण लें, शीशे वाली खिड़कियों, दरवाजों के पास न खड़े हों, और सभी गैस-विद्युत उपकरणों को बंद कर दें।

